राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

पटना
वर्ष: 25 अंक 43
शनिवार 30 मई, 2026

तापमान
अधिकतम 33°C न्यूनतम 25°C

मूल्य 3 रुपए पृष्ठ-8
बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित
www.tarunmitra.in

## कर्नाटक में सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर, मंत्रिपरिषद भंग



**बेंगलुरु, 29 मई।** कर्नाटक की राजनीति में बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद को भी तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया।

राज्यपाल कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के बाद राज्य की राजनीति में हलचल और तेज हो गई है। हालांकि नई सरकार के गठन तक सिद्धारमैया कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। उधर कर्नाटक के कार्यवाहक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से दिल्ली में शुक्रवार को अलग-अलग मुलाकात की। राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 164(1) के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह फैसला लिया। बताया गया है कि सिद्धारमैया ने 28 मई को अपना इस्तीफा सौंपा था, जिसे 29 मई को मंजूरी दे दी गई। राज्यपाल ने अपने पत्र में कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक सरकार की निरंतरता बनाए रखने के लिए सिद्धारमैया कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस संगठन के भीतर बैठकों और मंथन का दौर शुरू हो गया है। पार्टी विधायक दल की बैठक जल्द बुलाए जाने की संभावना है, जिसमें नए नेता का चयन किया जाएगा।

- कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहेंगे सिद्धारमैया, नए चेहरे पर मंथन जारी, डीके शिवकुमार की ताजपोशी के संकेत तेज

# चार राज्यों में एनआईए की कार्रवाई

## किशनगंज से एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी

**किशनगंज, 29 मई (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को देश के चार राज्यों में एक साथ कार्रवाई करते हुए 12 ठिकानों पर छापेमारी की। इसी अभियान के तहत बिहार के किशनगंज जिले के पोठिया प्रखंड स्थित मिजार्पुर गांव में भी टीम ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे एनआईए, एनएसजी तथा अन्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम जनता हाट निवासी मनोज रविदास (पिता-लखन रविदास) के घर पहुंची। टीम ने लगभग आठ घंटे तक घर की तलाशी ली और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। इसके एनआईए के अधिकारी बाद मनोज रविदास को अपने ले गए। बताया जा रहा है कि उससे किशनगंज सर्किट हाउस में पूछताछ की जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मनोज पिछले करीब दो वर्षों से जनता हाट में चप्पल-जूते की दुकान चला रहा था। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।




परिवार के सदस्य काफी घबराए हुए नजर आए, जबकि घर के बाहर सुरक्षा बलों की तैनाती बनी रही। मीडिया कर्मियों को भी मौके पर जाने की अनुमति नहीं दी गई।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई सीमा पार से संचालित उस कथित आतंकी साजिश से जुड़ी है, जिसमें ड्रोन के जरिए भारत में हथियार, गोला-बारूद और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) पहुंचाने की योजना शामिल थी। एजेंसी को आशंका है कि इस नेटवर्क के तार देश के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय मॉड्यूल से जुड़े हो सकते हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में पांच, महाराष्ट्र में तीन, राजस्थान में दो और बिहार में दो स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई। इस दौरान कई डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन, दस्तावेज और अन्य संदिग्ध सामग्री जब्त की गई है, जिनकी फोरेंसिक जांच की जा रही है। वहीं, जांच एजेंसी पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े फंडिंग नेटवर्क की भी जांच कर रही है। एनआईए की इस कार्रवाई के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश में जुट गई हैं।

## बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी को आवास खाली करने का आदेश

**पटना, 29 मई (हि.स.)।** पूर्व मुख्यमंत्री और बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को भवन निर्माण विभाग ने पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड आवास तत्काल खाली करने को कहा है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि यह आवास अब मंत्री नंदकिशोर राम को आवंटित कर दिया गया है। विभाग ने अपने पत्र में बताया है कि 27 मई 2026 को जारी ज्ञापांक-4738(भ) के तहत 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नंदकिशोर राम को आवंटित किया गया है।

संयुक्त सचिव-सह-भू संपदा पदाधिकारी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि राबड़ी देवी 39 हार्डिंग रोड स्थित नए आवास का अधिग्रहण करें और 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास तत्काल खाली करें। पत्र में यह भी लिखा गया है कि इस प्रस्ताव को सक्षम प्राधिकार की मंजूरी प्राप्त है।

राबड़ी आवास खाली करने के नोटिस पर राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि, राबड़ी देवी और राजद को अपमानित करने के लिए किसी को आवंटित किया गया है यह आवास। ये ओछी राजनीति है, घृणित राजनीति है। सत्ता का आना जाना लगा रहता है। ये लोग राबड़ी देवी को आप अपमानित करना चाहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से राहत, हटाई गई ग्रैप- 1 की पाबंदियां

**नई दिल्ली, 29 मई।** राजधानी दिल्ली की हवा में सुधार देखने को मिल रहा है। गुरुवार को हवा और बारिश के बाद प्रदूषण के स्तर पर काफी कमी आई है। ऐसे में शुक्रवार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 123 दर्ज किया गया। इसके बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप-समिति ने क्षेत्र में लागू चरण-1 की सभी पाबंदियां तत्काल प्रभाव से हटा दीं।

### मप्र के इंदौर में 9 से 13 जून तक होगा अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन, तैयारियां जारी

**इंदौर, 29 मई।** मध्य प्रदेश के इंदौर में आगामी 9 से 13 जून तक कृषि विषय पर अंतरराष्ट्रीय महत्व का ब्रिक्स (बीआरआईसीएस) सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के मंत्रीगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

## अजय कोचर बने नौसेना के 48वें उप प्रमुख, कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली, 29 मई।** ऑपरेशन सिंदूर के रणनीतिकार रहे वाइस एडमिरल अजय कोचर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में नौसेना स्टाफ के नए वाइस चीफ का पदभार संभाल लिया।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौसेना की महत्वपूर्ण संपत्तियों की आक्रामक फॉरवर्ड तैनाती को लागू करने में अहम भूमिका निभाई थी। वाइस एडमिरल कोचर ने वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन की जगह ली है, जिन्हें पश्चिमी नौसेना कमान का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। वाइस एडमिरल ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद साउथ ब्लॉक में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। वाइस एडमिरल कोचर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान नौसेना की उच्च-स्तरीय युद्ध-तैयारी का नेतृत्व किया था। वह भारतीय नौसेना के 48वें वाइस चीफ के रूप में कार्यभार संभाला।

## उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने नालंदा में की विकास योजनाओं और बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**पटना/नालंदा, 29 मई।** बिहार के उप मुख्यमंत्री-सह-नालंदा जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को नालंदा समाहरणालय स्थित हरदेव सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की पूर्व तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



बैठक के दौरान ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क निर्माण, कृषि, सिंचाई, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, नगर विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

उप मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और आम जनता से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने पर जोर दिया। जल संसाधन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने बाढ़ सुरक्षा, नहरों की सफाई, सिंचाई व्यवस्था और जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यों से जुड़े सुझाव रखे। इस पर उप मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की जवाबदेही है और योजनाओं का लाभ सरलता एवं पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचना चाहिए। बैठक में बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, बिहारशरीफ द्वारा की गई बाढ़-पूर्व तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

## सुप्रीम कोर्ट से विनेश फोगाट को चयन ट्रायल में हिस्सा लेने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली, 29 मई।** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। देश की सर्वोच्च अदालत ने उन्हें एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। 30 और 31 मई को होने वाले इन ट्रायल्स को लेकर चल रहा विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। दरअसल, रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें विनेश फोगाट को ट्रायल में भाग लेने की इजाजत दी गई थी।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिससे विनेश के लिए रास्ता साफ हो गया। दिल्ली हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान डब्ल्यूएफआई के रवैये पर नाराजगी जताई थी।

## भारत-अमेरिका, अंतरिम व्यापार समझौते के करीब

**न्यूयॉर्क, 29 मई।** भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से कहा है कि भारत की अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत में 'उत्साहजनक प्रगति' हुई है और दोनों देश इस पर एक अंतरिम समझौते के करीब पहुंच गये हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार रात को यहां अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत के दौरान यह जानकारी दी।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर बताया कि उन्होंने न्यूयॉर्क में एक गोलमेज बैठक के दौरान 50 से ज्यादा वैश्विक व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका के न्यूयॉर्क में स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमेरिकी-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसएफ) के सहयोग से किया था। पीयूष गोयल ने कहा कि गोलमेज बैठक में वैश्विक कारोबारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत विकास गाथा, सुधार-आधारित कारोबारी माहौल और वैश्विक निवेशकों के लिए बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला तथा साझा समृद्धि के लिए भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और आपूर्ति-श्रृंखला से जुड़ी साझेदारियों को और अधिक गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।


**बैठक**



- पीयूष गोयल बोले- बातचीत में हुई उत्साहजनक प्रगति, जून में दिल्ली दौरे पर आएगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल

## आंतरिक शांति ही बाहरी सौहार्द का आधार : उपराष्ट्रपति

**बेंगलुरु, 29 मई।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन का 45वां स्थापना दिवस समारोह भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु, स्वयंसेवक, आध्यात्मिक साधक और अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।




समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'आंतरिक शांति ही बाहरी सौहार्द का वास्तविक आधार है।' उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया तनाव, संघर्ष और मानसिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में आध्यात्मिक मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं और आत्मिक संतुलन का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि समाज में स्थायी शांति और भाईचारे की स्थापना तभी संभव है, जब व्यक्ति भीतर से शांत, संतुलित और सकारात्मक हो। उपराष्ट्रपति ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र 'वसुधैव कुटुंबकम' को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने की भारतीय सोच आज वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक हो गई है और आर्ट ऑफ लिविंग इस संदेश को प्रभावी रूप से विश्वभर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिकता और भारतीय प्राचीन परंपराएं एक-दूसरे की विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं।

आर्ट ऑफ लिविंग योग, ध्यान, प्राणायाम और मानवीय मूल्यों के माध्यम से आधुनिक जीवनशैली और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं के बीच संतुलन स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही है।

## बीजेपी का बड़ा संगठनात्मक फेरबदल, चार राज्यों में बदले अध्यक्ष

**नई दिल्ली, 29 मई।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारियों को धार देने के उद्देश्य से चार राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर जारी इस फैसले को बीजेपी के बड़े संगठनात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और त्रिपुरा में नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। दिल्ली बीजेपी की कमान केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा को सौंपी गई है, जबकि हरियाणा में अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। पंजाब में पार्टी ने सरदार केवल सिंह ढिल्लों को नेतृत्व की जिम्मेदारी दी है। वहीं त्रिपुरा इकाई की कमान अभिषेक देवरॉय को सौंपी गई है। बीजेपी नेतृत्व का कहना है कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य राज्यों में संगठन को और अधिक सक्रिय बनाना तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करना है।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक पंजाब और दिल्ली में हुए बदलाव को आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। पंजाब में केवल सिंह ढिल्लों की नियुक्ति विशेष रूप से चर्चा में है। ढिल्लों पहले कांग्रेस से जुड़े रहे हैं और बाद में बीजेपी में शामिल हुए थे। उन्हें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह का करीबी माना जाता है।

पार्टी द्वारा एक सिख चेहरे को पंजाब की कमान सौंपना राज्य में नए सामाजिक और राजनीतिक समीकरण बनाने की कोशिश माना जा रहा है।बीजेपी सूत्रों के अनुसार सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं और नए अध्यक्ष जल्द ही अपनी-अपनी प्रदेश इकाइयों की बैठकों का दौर शुरू करेंगे।

## एसी धमाके से लगी आग, पूर्व आईएएस धनेंद्र कुमार की मौत

**नई दिल्ली, 29 मई।** दक्षिण दिल्ली के हौज खास इलाके में गुरुवार रात हुए दर्दनाक हादसे में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पहले चेयरमैन धनेंद्र कुमार का निधन हो गया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि घर में लगे एसी में धमाके के बाद आग लगी, जिससे पूरा घर धुएं से भर गया। हादसे में उनका बेटा भी घायल हुआ है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार रात करीब 11:18 बजे आग लगने की सूचना मिली थी।

मौके पर पहुंची दमकल और पुलिस टीम ने घर में फंसे लोगों को बाहर निकाला। 80 वर्षीय धनेंद्र कुमार और उनके बेटे को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान धनेंद्र कुमार ने दम तोड़ दिया।

### प्राइमरी शिक्षकों पर बढ़ता प्रशासनिक बोझ शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

## सिस्टम ने मास्टर साहब को समझ लिया 'सुपरमैन'!

विवेक श्रीवास्तव

**लखनऊ, 29 मई।** उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था इन दिनों एक बड़े सवाल से जूझ रही है-आखिर सरकारी शिक्षक पढ़ाएं कब? प्रदेशभर में पहले से जनगणना तैयारियों और प्रशिक्षण में जुटे शिक्षकों पर अब नए-नए गैरशैक्षणिक कार्यों का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला बरेली के नवाबगंज क्षेत्र का है, जहां विद्यालयों को निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा एकत्र करने का आदेश जारी होने के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

विरोध बढ़ा तो शिक्षा विभाग को बैकफुट पर आकर आदेश बदलना पड़ा, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों पर बढ़ते गैरशैक्षणिक दबाव को राष्ट्रीय बहस का मुद्दा बना दिया है। दरअसल, बरेली के नवाबगंज में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों को निर्देश जारी किया गया था कि प्रत्येक विद्यालय 46 किलो भूसा एकत्र कर ब्लॉक कार्यालय अथवा पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में जमा कराए।

आदेश में एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा करने, रसीद उपलब्ध कराने और लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी तक दी गई थी। यह निर्देश ऐसे समय आया जब प्रदेश के हजारों शिक्षक पहले से जनगणना प्रशिक्षण, डेटा संकलन और प्रशासनिक तैयारियों में व्यस्त हैं।

आदेश सामने आते ही शिक्षकों में भारी नाराजगी फैल गई। शिक्षक संगठनों ने इसे शिक्षा व्यवस्था का मजाक बताते हुए सवाल उठाया कि क्या अब शिक्षकों का काम पढ़ाना नहीं, बल्कि हर सरकारी अभियान को पूरा करना रह गया है। सोशल मीडिया से लेकर विभागीय स्तर तक मामला तेजी से उछला और कई जिलों के शिक्षकों ने खुलकर विरोध दर्ज कराया। शिक्षक संगठनों ने साफ संकेत दे दिए कि यदि इस तरह के आदेश वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन तेज किया जाएगा। विवाद बढ़ता देख शिक्षा विभाग ने तुरंत डैमेज कंट्रोल शुरू किया। विभाग की ओर से सफाई दी गई कि पहले जारी पत्र की भाषा में त्रुटि थी, जिसे गलत तरीके से समझ लिया गया।

**बढ़ता बोझ**

- जनगणना के बीच भूसा जुटाने का आदेश बना नया विवाद
- शिक्षकों के विरोध के बाद विभाग को लेना पड़ा यू-टर्न
- गैरशैक्षणिक ड्यूटी से प्रभावित हो रही सरकारी स्कूलों की पढ़ाई

## जहरीली शराब का कहर, पुणे में 12 लोगों की दर्दनाक मौत

### सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

**पुणे, 29 मई।** महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब ने बड़ा कहर बरपाया है। हडपसर इलाके के पांढरे माला क्षेत्र में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य भी शामिल हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के मुताबिक शराब पीने के कुछ ही मिनट बाद लोगों को उल्टी, पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कई लोगों की जान नहीं बचाई जा सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध हाथ भट्टी की शराब लंबे समय से इलाके में बेची जा रही थी। स्थानीय निवासी सुनंदा साबले ने बताया कि मरने वालों में अरुण, राहुल और यशवंत नाम के तीन लोग एक ही परिवार के थे।

शराब पीने के करीब दस मिनट बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है, लेकिन प्रशासन ने कभी सख्ती नहीं दिखाई। घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार हरकत में आ गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मामले को गंभीर बताते हुए पुणे और पिंपरी चिंचवड़ पुलिस आयुक्तों को संयुक्त जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया है।

# समेली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया त्याग व बलिदान का पर्व बकरीद

### पोठिया पुलिस की कड़ी निगरानी में समेली में मनाई जा रही बकरीद



**समेली, कटिहार, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले के समेली प्रखंड क्षेत्र में त्याग व बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) हर्ष व उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया।

प्रखंड क्षेत्र के छोहार पंचायत के कुसयारी गांव, डुमर पंचायत के डुमर एवं बकिया गांव, पश्चिमी चांदपुर पंचायत के सतबेहरी गांव, पोठिया पंचायत के पोठिया गांव सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों एवं ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम धर्मावलंबियों की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह से ही सड़कों पर चहल-पहल देखी गई। बुजुर्ग, युवा एवं बच्चे नए कपड़ों में ईदगाह और मस्जिदों की ओर रवाना हुए। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी तथा अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी।

इसके बाद घरों में बकरे की कुबार्नी दी गई तथा लोगों ने अपने मित्रों और शुभचिंतकों को घर आमंत्रित कर त्योहार की खुशियां साझा कीं। प्रखंड क्षेत्र के पोठिया ईदगाह, शब्दा ईदगाह, कुसयारी ईदगाह, डुमर ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों एवं ईदगाहों में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बकरीद का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। खासकर छोटे बच्चों में त्योहार को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

सुरक्षा की रही पुख्ता व्यवस्था बकरीद पर्व को लेकर पोठिया थाना पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही। संवेदनशील एवं चिन्हित चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पर्व के दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। वहीं पोठिया थाना अध्यक्ष नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन लगातार क्षेत्र में गश्त करती रही तथा थाना परिसर से पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी।

विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, अंचलाधिकारी प्रियरंजन कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम, पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार, एएसआई धर्मेंद्र कुमार, डोली कुमारी, एएसआई सूरज ठाकुर, श्री राम राय, शम्भू कुमार झा, रामविलास यादव सहित बिहार पुलिस के जवान पूरी तरह मुस्तैद रही।

# कुरसेला नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव संपन्न



**कुरसेला, कटिहार, 29 मई (तरुणमित्र)।** कुसेर्ला नगर पंचायत में बिहार नगरपालिका संशोधन अधिनियम 2026 के तहत सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। चुनाव के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए, जिसमें पवन कुमार यादव, अश्विनी कुमार और भावना कुमारी विजयी घोषित हुए।

जानकारी के अनुसार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के आदेश पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय कुसेर्ला के सभागार में सुबह 8 बजे से चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई, जो बिना किसी व्यवधान के लगातार चलती रही। निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान एवं मतगणना पूरी कर परिणाम की घोषणा की गई।

मतगणना के उपरांत सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले पवन कुमार यादव, अश्विनी कुमार एवं भावना कुमारी को सहायक निवार्ची पदाधिकारी द्वारा निर्वाचित घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सभागार में ही तीनों नव-निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी एवं नगर पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग में घर छोड़कर गई बेटी का पिता ने किया अंतिम संस्कार, पूरे गांव में चर्चा

### कोढ़ा प्रखंड के खुदना गांव में अनोखी घटना, सैकड़ों ग्रामीण हुए शामिल



**कोलासी, कटिहार, 29 मई (तरुणमित्र)।** कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत चंदवा पंचायत के खुदना गांव में एक अनोखी और भावुक घटना सामने आई है। गांव में एक पिता ने अपनी घर से भाग गई बेटी का पूरे रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। जानकारी के अनुसार, युवती कुछ समय पूर्व घर छोड़कर चली गई थी। परिजनों ने उसकी तलाश करते हुए रौतारा थाना में मामला भी दर्ज कराया था।

बाद में लड़की बरामद हुई, लेकिन परिजनों का आरोप है कि उसने अपने माता-पिता और परिवार को पहचानने से इनकार कर दिया। इस घटना से आहत परिवार ने समाज और ग्रामीणों की मौजूदगी में बेटी से सारे संबंध समाप्त करने का फैसला लिया।परिवार वालों ने लड़की के नाम से पुतला तैयार कराया। उसे अर्थी पर लिटाकर पूरे गांव में अंतिम यात्रा निकाली गई और फिर शमशान घाट ले जाकर हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार प्रतीकात्मक दाह संस्कार किया गया।

इस दौरान पिता मुनचुन पासवान, दादा राम प्रकाश पासवान और अन्य परिजनों की आंखें नम दिखीं। लड़की के पिता और दादा ने कहा कि जिस दिन से बेटी घर छोड़कर गई और बाद में हमें पहचानने से इनकार किया, उसी दिन से हमारे लिए वह मर चुकी है।

अब उससे हमारा कोई संबंध नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों के लोग भी मौके पर पहुंचने लगे। श्राद्ध कार्यक्रम और अंतिम संस्कार में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

## डीआरएम की अध्यक्षता में 16 रेलकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**कटिहार, 29 मई (तरुणमित्र)।** कटिहार रेल मंडल अंतर्गत फणीश्वर नाथ रेणु रेलवे संस्थान में शुक्रवार को कार्मिक विभाग द्वारा अंतिम निपटारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह ने कीया। इस अवसर पर मई माह में सेवा निवृत्त हुए कुल 16 रेलकर्मियों को रेलवे के नियमानुसार सभी सेवानिवृत्ति लाभों का अंतिम निपटारा करते हुए सम्मानित किया गया।

डीआरएम किरेंद्र नरह ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबे, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीनियर डीपीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, सीनियर डीएनसी प्रभात कुमार सिंह, सीनियर डीईई पंकज पाल, डीसीएम कुमार जितेंद्र सिंह सहित कई वरीय एवं कनिष्ठ रेल अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

## सड़क पर कब्जा करने वालों पर चला पुलिस का डंडा, कुरसेला में जाम से लोगों को मिली राहत



**कुरसेला, कटिहार, 29 मई (तरुणमित्र)।** कुरसेला बाजार में लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बने सड़क जाम को लेकर पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह सख्त हो गया है। गुरुवार रात चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-31 और राज्य राजमार्ग-77 से अतिक्रमण हटाकर सड़क को खाली कराया।

इस कार्रवाई के बाद इलाके में यातायात व्यवस्था काफी हद तक सामान्य हो गई और लोगों ने राहत महसूस की। बताया जाता है कि बाजार क्षेत्र में कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें सड़क तक फैला रखी थीं। सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी ठेले और दुकानों की वजह से मुख्य मार्ग काफी संकरा हो गया था। इसके कारण दिनभर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग जाती थी और राहगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लगातार जाम लगने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद कुरसेला थाना पुलिस ने कार्रवाई का फैसला लिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल और सुरक्षा कर्मियों ने देर रात सड़क मुक्ति अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर कब्जा जमाकर दुकान लगाए लोगों को हटाया गया और दुकानों को सड़क सीमा से पीछे कराया गया।

अभियान के दौरान पुलिस ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उनका सामान भी जब्त किया जा सकता है। अतिक्रमण हटने के तुरंत बाद मुख्य सड़कों पर वाहनों का परिचालन सुचारू हो गया। बाजार में जाम की स्थिति काफी कम दिखाई दी। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए मांग की कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी और अभियान जारी रखा जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच 31 देवीपुर चौक पर वाहन की टक्कर से 50 वर्षीय व्यक्ति गंभीर, हायर सेंटर रेफर

**कुरसेला, कटिहार, 29 मई (तरुणमित्र)।** कुसेर्ला थाना क्षेत्र के ठल्र-31 पर देवीपुर चौक के पास एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक अज्ञात वाहन ने 50 वर्षीय महेश्वर ऋषि को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महेश्वर ऋषि गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक महेश्वर ऋषि अपने घर की तरफ जा रहे थे, तभी ये हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कुसेर्ला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक डॉ. उज्ज्वल कुमार सिंह ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस वाहन की तलाश में जुटी है।

### विधान पार्षद एवं भुवन सहित पांच चुने गए चैम्बर कॉ- आप्सन

**कटिहार, 29 मई (तरुणमित्र)।** नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कटिहार की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की हुई बैठक में सत्र- 2026-28 की नई कार्यसमिति की कॉ- आप्सन के लिए विधान पार्षद अशोक अग्रवाल सहित पांच कॉ- आप्सन चुने गए। इनके अलावा 21 लोगों का चुनाव सर्वसम्मति से विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में किया गया। बैठक की अध्यक्षता चुनाव पर्यवेक्षक सह चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ मुकीम ने की। बैठक के आरम्भ में नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरोत्तम जोशी द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। कॉ- आप्सन के लिए चुने गए सदस्यों में विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, विश्वनाथ मुकीम, बिमल सिंह बेंगानी, भुवन अग्रवाल और कटिहार के पूर्व विधान पार्षद मोहन लाल अग्रवाल शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में विनोद सिंह (अधिवक्ता), रंजीत जायसवाल, विनीता वाधवानी, अवंतिका परमार, श्याम अग्रवाल (अग्रवाल सिंथेटिक्स), अमित जायसवाल (विक्की), सौरभ अग्रवाल, यशस्वी अग्रवाल (अधिवक्ता), विष्णु अग्रवाल (सालमारी), आदर्श अग्रवाल (सालमारी), रवि आजाद (सेमापुर), ललित अग्रवाल (पूर्णिया), नीरज खेमका (पूर्णिया), मोती लाल शर्मा (फारबिसगंज), सुशील घोसाल (फारबिसगंज), अशोक गुप्ता (फारबिसगंज), दीपक समदरिया (फारबिसगंज), मौसम खंडेलवाल (नवगछिया), मनीष सराफ (मधेपुरा), किशन कुमार तुलसियान (खगड़िया) और श्रवण सराफ ( अमदाबाद, मनिहारी) शामिल हैं। विधान पार्षद सह निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने सबों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### विकास की पटरी पर दौड़ता कटिहार रेल मंडल : डीआरएम

**कटिहार, 29 मई (तरुणमित्र)।** कटिहार रेल मंडल में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य तेज गति से जारी हैं। मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह के कुशल नेतृत्व में विभिन्न रेलखंडों पर अमृत भारत स्टेशन योजना, रेल लाइन दोहरीकरण तथा ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कटिहारझपूर्णिया रेलखंड के रोतरा में अत्याधुनिक लॉन्ड्री बूथ की शुरूआत इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। जिससे रेलवे की सेवाओं में और गुणवत्ता आएगी। डीआरएम किरेंद्र नरह ने बताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से ट्रेनों का परिचालन अधिक सुरक्षित, सुगम और समयबद्ध होगा। कटिहार रेल मंडल में हो रहे चौमुखी विकास कार्यों की सराहना करते हुए यात्रियों ने डीआरएम के प्रयासों को मंडल के लिए एक नई उपलब्धि बताते हुए डीआरएम किरेंद्र नरह की कार्यशैली और दूरदर्शिता की सराहना किया। गौरतलब है कि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कटिहार रेल मंडल लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**दरभंगा, 29 मई (तरुणमित्र)।** बहादुरपुर प्रखंड स्थित वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला दण्डाधिकारी के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने बहादुरपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित वीवीपैट वेयर हाउस के बाहरी स्थिति का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थिति थे।

### आईजी ने विधि-व्यवस्था का जायजा लिया

**गयाजी, 29 मई (तरुणमित्र)।** बकरीद पर्व को लेकर गुरुवार को आईजी विकाश वैभव द्वारा गया जिला के सिविल लाइन थाना, रामपुर थाना, कोतवाली थाना सहित शहरी क्षेत्रों में भ्रमण/निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा बकरीद पर्व के शांति एवं सौहार्दपूर्ण समापन हेतु विभिन्न स्थलों पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को ब्रीफ करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई।निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक, गया भी उपस्थित थे।

### आज म्यांमार के राष्ट्रपति का आगमन

**गया, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से पत्र जारी कर जानकारी दी है कि दिनांक 30 मई को म्यांमार गणराज्य के राष्ट्रपति एचईयू मिन आंग हालैंग का बोधगया परिभ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है।उक्त कार्यक्रम के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम एवं परिभ्रमण वाले क्षेत्रों को टेम्परेरी रेड जोन/नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित किया गया है।निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत गया हवाई अड्डा, दोमुहान, वेलकम होटल आईटीसी, महाबोधि मंदिर, बोधगया, महाबोधि धम्म एकता मोनास्ट्री सुजाता टेम्पल तथा इन मार्गों एवं आसपास के क्षेत्रों में दिनांक 30 मई दिन शनिवार तक ड्रोन उड़ाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्धारित निदेर्शों का पालन करें।

### संगठन विस्तार की सराहना की

**गया, 29 मई (तरुणमित्र)।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में हुए संगठन विस्तार की सराहना करते हुए नव नियुक्त सभी प्रदेश पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बिहार लगातार मजबूत हो रही है।इसी क्रम में प्रदेश टीम की घोषणा की गई है, जो संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगी।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के विचारों पर चलने वाली पार्टी है।नवगठित प्रदेश टीम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## सहयोग शिविर की सभी तैयारी पूर्ण 2 जून को 36 पंचायत में होगा सहयोग शिविर : डीएम

**दरभंगा, 29 मई (तरुणमित्र)।** प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जून माह के प्रथम मंगलवार अर्थात 2 जून को जिले के 36 पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित होगा तथा जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए डीएम कौशल कुमार ने कहा कि सभी प्रखंडों में विभिन्न विभागों के द्वारा 16 काउंटर बनाए गए हैं। अंतिम काउंटर पर दक्ष लिपिकों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो लोग आवेदन नहीं लिख सकते हैं उन्हें आवेदन लिखकर देंगे।

सभी आवेदकों के लिए बैठने की कुर्सी एवं आधारभूत सुविधा उपलब्ध रहेगी। सहयोग शिविर स्थल पर ही आवेदनों की एंट्री पोर्टल पर की जाएगी और आवेदक को पावती भी दी जाएगी। सहयोग शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को 30 दिनों के अंदर निष्पादित करना होगा अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर विधि संवत कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2 जून (मंगलवार) को अपर समाहर्त्ता (लो.शि.नि.) राजेश गुप्ता की अध्यक्षता एवं नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी की उपस्थिति में दरभंगा सदर प्रखण्ड के शिशु पश्चिमी एवं शाहबाजपुर पंचायत के पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी के लिए निःशुल्क हेल्पलाइन 1100 पर 8 बजे सुबह से 8 बजे संध्या तक सम्पर्क किया जा सकता है। सहयोग शिविर में आवेदन करने के लिए सहयोग पोर्टल sahyog. bihar.gov.in पर अपना ऑनलाइन आवेदन कभी भी दर्ज कर सकते है। परिवाद दर्ज करने की तिथि से 30 दिनों के अंदर उसका निष्पादन सुनिश्चित कर सहयोग पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा। सहयोग शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों का स्टॉल भी लगाया जाएगा। 2 जून को जिले के विभिन्न प्रखंडों के 36 पंचायतों में पूर्वाह्न 09:00 बजे से सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा।

## प्रखंड अध्यक्षों की बैठक आहूत की गयी

**गया, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्षों की बैठक राजेंद्र आश्रम में शुक्रवार को आहूत की गई।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सृजन अभियान को मजबूत करना एवं अधिक से अधिक लोगो को संगठन सृजन से जोड़ने को कहा गया। इस अवसर पर प्रदेश के द्वारा मनोनीत गया जिला के प्रभारी कपिल देव प्रसाद यादव उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक कांग्रेस विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा कार्यकताओं को सक्रिय रूप से जोड़ने पर जोर दिया गया।बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों से संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया।साथ ही यह संकल्प लिया गया कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों को गाँव-गाँव तक पहुँचाया जाएगा। बैठक में प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि संगठन सृजन साथी अभियान को हर हाल में 5 जून तक पूरा करें, ताकि अधिक से अधिक लोग कांग्रेस संगठन से जुड़ें और पार्टी को मजबूती प्रदान हो।

# कुरसेला में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई बकरीद की नमाज, प्रशासन रहा मुस्तैद



**कुरसेला, कटिहार, 29 मई (तरुणमित्र)।** कुसेर्ला प्रखंड में शनिवार को ईद॒उल॒अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह, आस्था और भाईचारे के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी तथा कुबार्नी की रस्म अदा की गई।

पूर्वी मुरादपुर पंचायत स्थित मजदिया गांव के ईदगाह में सैकड़ों नमाजियों ने सामूहिक रूप से बकरीद की नमाज अदा की। इसके अलावा नगर पंचायत क्षेत्र के मेहर मियां टोला, बल्थी महेशपुर मस्जिद, देवीपुर सहित अन्य मस्जिदों एवं ईदगाहों में भी बड़ी संख्या में लोग नमाज में शामिल हुए। सुबह से ही विभिन्न नमाज स्थलों पर लोगों की भीड़ देखी गई। बल्थी निवासी डॉ अबू बकर हाशमी ने कहा कि ईद-उल-अजहा केवल जानवर की कुबार्नी का पर्व नहीं है, बल्कि यह त्याग, सब्र और अल्लाह की रजा के लिए अपनी इच्छाओं को कुर्बान करने का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि इस मुबारक मौके पर सच्चे दिल से तौबा करें और अपने गुनाहों की भी कुबार्नी दें। साथ ही समाज में मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारे को बढ़ावा दें। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुसेर्ला थाना पुलिस के साथ कटिहार जिला मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी।

सभी प्रमुख चौक-चौराहों, मस्जिदों एवं ईदगाहों पर पुलिस बल की निगरानी रही। इस दौरान कुसेर्ला अंचल अधिकारी अनुपम कुमारी दंडाधिकारी के रूप में लगातार विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था का जायजा लेती रहीं। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्ती की जा रही थी तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई। कुसेर्ला में बकरीद के अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सौहार्द की सुंदर तस्वीर देखने को मिली। प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# 19 विद्यार्थियों का अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में 5 लाख रुपये वार्षिक प्रारंभिक पैकेज पर हुआ प्लेसमेंट



**टिकारी (गया), 29 मई (तरुणमित्र)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के विभिन्न विभागों के कुल 19 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से चयन हुआ है। सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) सह प्लेसमेंट समन्वयक मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था।

अंतिम चरण के साक्षात्कार में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से उन्नीस (19) अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने 5 (पांच) लाख रुपये वार्षिक प्रारंभिक पैकेज पर अपना स्थान सुनिश्चित करने में सफलता हासिल की। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं कुलसचिव प्रो. नरेन्द्र कुमार राणा सहित विभिन्न संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों तथा शिक्षकों ने अंतिम वर्ष के स्नातकोत्तर (पीजी) विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।

कुलपति प्रो. के. एन. सिंह ने कहा कि यह पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एक प्रतिष्ठित संस्था है, इसलिए विद्यार्थियों के लिए भविष्य में विकास की संभावनाएं भी उज्ज्वल हैं। अंतिम चरण में एसोसिएट रिसर्च पर्सन पद के लिए चयनित विद्यार्थियों में आफताब आलम (एमए हिन्दी), जूली चौधरी (एमए हिन्दी), अनुष्का चटर्जी (एमए अंग्रेजी), तुषार राज (एमए अंग्रेजी), अरीना फातमा (अंग्रेजी), स्नेहा चन्द्रा (एमएससी बायोटेक्नोलॉजी), श्रेयांशु सतपथी (एमएससी रसायन विज्ञान), मनीष नारायण (एमए अर्थशास्त्र), अनुपमा कुमारी (एमए अर्थशास्त्र), दीक्षा झा (एमए मनोविज्ञान), आदित्य कुमार (एंमए भूगोल), श्रेया कुमारी (एमए भूगोल), श्रृंखला सिंह (एमएससी भूविज्ञान), अल्ताफ रजा (एमएससी भूविज्ञान), सौरभ तिवारी (एमए इतिहास), अदिति शर्मा (एमए इतिहास), नीतीश कुमार (एमएससी सांख्यिकी), रिया वत्सा (एमए राजनीतिक अध्ययन) एवं नंदनी कुमारी (एमए सोशल वर्क) शामिल हैं। पीआरओ ने बताया कि पूर्व वर्षों में भी सीयूएसबी के कई विद्यार्थियों का चयन इस फाउंडेशन में हुआ है और वे वर्तमान में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं।यह प्लेसमेंट ड्राइव अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की एचआर टीम के पीपल फंक्शन से जुड़े राजीब दास एवं उनके सहयोगियों की देखरेख में सम्पन्न हुआ।इससे पूर्व फरवरी माह में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव के प्रथम चरण का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग 150 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

इनमें बायोटेक्नोलॉजी, लाइफ साइंस, रसायन विज्ञान, भौतिकी, पर्यावरण विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, भूविज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, सोशल वर्क तथा समाजशास्त्र के विद्यार्थी शामिल थे।चयनित अभ्यर्थियों को कैंपस एसोसिएट पद पर 5 लाख रुपये वार्षिक प्रारंभिक पैकेज के साथ-साथ चिकित्सा सहायता, स्थानांतरण व्यय, बीमा, ब्याज-मुक्त ऋण तथा ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस जैसी अतिरिक्त सुविधाएँ भी प्रदान की जाएंगी।

## धनराज शर्मा भाजपा के प्रदेश महामंत्री किए गए नियुक्त, पार्टी के लोगो में हर्ष का माहौल



**गयाजी, 29 मई (तरुणमित्र)।** भाजपा के जिला पूर्व अध्यक्ष एवं संगठन के समर्पित कार्यकर्ता धनराज शर्मा को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।डॉ. मिश्रा ने कहा कि धनराज शर्मा जी एक कुशल संगठनकर्ता, कर्मठ कार्यकर्ता एवं अनुभवी नेतृत्वकर्ता हैं।

उन्होंने लंबे समय तक संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यकताओं को साथ लेकर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य किया है। उनके संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता और समर्पण का लाभ भाजपा को प्रदेश स्तर पर अवश्य मिलेगा।

उन्होंने कहा कि चुनावी समय में भी श्री शर्मा की रणनीतिक क्षमता, कार्यकताओं के साथ उनका सतत संवाद तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने की उनकी कार्यशैली हमेशा पार्टी के लिए लाभकारी रही है।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक योग्य, अनुभवी और जमीनी नेता को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है।उक्त मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, राणा रंजीत सिंह, हीरा यादव, दीपक पाण्डेय, कुमार सत्यशील, कमल सिन्हा, राजीव, सिन्हा, कमल बारीक, बबलू गुप्ता, महेश यादव, दीपक चंद्रवंशी, सुनील रविदास, सुनील, बम्बईया आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# भारत-नेपाल सीमा पर नकली दस्तावेजों के सहारे नेपाल में प्रवेश की कोशिश करते हुए दो थाई महिलाएं गिरफ्तार

**किशनगंज, 29 मई (तरुणमित्र)।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे गलगलिया क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सीमा पार करने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पानीटंकी बॉर्डर चेकपोस्ट पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और इमिग्रेशन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में थाईलैंड की दो महिला नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जो फर्जी इमिग्रेशन एग्जिट स्टैम्प के सहारे नेपाल जाने की कोशिश कर रही थीं।

सुरक्षा आधिकारियों के अनुसार, 41वीं वाहिनी एसएसबी रानीडांगा की बॉर्डर इंटरैक्शन टीम (बीआईटी) ने कमांडेंट विकास कुमार के नेतृत्व में पानीटंकी स्थित न्यू ब्रिज चेकपोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया। सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था और जांच प्रक्रिया को और कड़ा किया गया था। इसी दौरान नेपाल की ओर जा रही एक संदिग्ध सफेद रंग की स्विफ्ट कार को रोककर उसमें सवार लोगों से पूछताछ की गई और उनके यात्रा दस्तावेजों की जांच शुरू की गई। कार में मौजूद दो विदेशी महिलाओं के पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज संदिग्ध लगने पर उन्हें तत्काल इमिग्रेशन अधिकारियों के पास सत्यापन के लिए भेजा गया।

जांच प्रक्रिया शुरू होते ही महिलाओं के साथ मौजूद एक कथित कूरियर एजेंट को शक हो गया कि मामला उजागर हो चुका है। इसके बाद वह मौके का फायदा उठाकर चेकपोस्ट से फरार हो गया। हालांकि, उसकी तस्वीरें और वाहन की गतिविधियां वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब फुटेज के आधार पर उसकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हैं। इमिग्रेशन विभाग द्वारा पासपोर्ट की बारकोड स्कैनिंग और केंद्रीय डेटाबेस से मिलान करने पर बड़ा खुलासा हुआ।

दोनों महिलाओं के पासपोर्ट पर लगे भारत से बाहर जाने के एग्जिट स्टैम्प पूरी तरह फर्जी पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि जिन नंबरों के आधार पर स्टैम्प लगाए गए थे, उनसे संबंधित कोई वैध अनुमति केंद्रीय इमिग्रेशन कार्यालय की ओर से जारी ही नहीं की गई थी। इससे स्पष्ट हो गया कि यह दस्तावेजों में सुनियोजित तरीके से जालसाजी की गई थी। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान थाईलैंड निवासी पिमचानोक केटला और चिंतरा बुद्धाफोंग के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों महिलाओं ने स्वीकार किया कि उन्हें दिल्ली और कोलकाता के रास्ते सीमावर्ती क्षेत्र तक पहुंचाया गया था। उन्होंने बताया कि एक संगठित गिरोह ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें सुरक्षित रूप से नेपाल सीमा पार कराने का भरोसा दिया था। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि यह मामला केवल फर्जी दस्तावेजों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी, अवैध आव्रजन और अन्य संगठित आपराधिक नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि महिलाओं को भारत में किस उद्देश्य से लाया गया था और नेपाल के रास्ते उन्हें आगे कहां भेजे जाने की योजना थी।

फरार एजेंट की तलाश में केंद्रीय खुफिया एजेंसियां, एसएसबी और स्थानीय पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चला रही हैं। सीमा क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और सभी प्रमुख चेकपोस्टों पर जांच और सख्त कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े कई अन्य लोगों का भी खुलासा हो सकता है।

## 17 बिहार बटालियन एनसीसी में महापौर कैडेटों के अनुशासन की सराहना की

**सहरसा, 29 मई (तरुणमित्र)।** नगर निगम की महापौर बैन प्रिया ने शुक्रवार को वार्ड संख्या चार स्थित 17 बिहार बटालियन एनसीसी का दौरा किया। इस दौरान बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बी सत्यनारायण ने उनका स्वागत किया। एनसीसी कैडेटों ने पायलटिंग कर महापौर को सम्मान दिया।कार्यक्रम को संबोधित कर महापौर ने एनसीसी की भूमिका की सराहना कर कहा कि 17 बिहार बटालियन कोसी क्षेत्र के युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सैन्य प्रशिक्षण विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं एनसीसी से जुड़कर बी एवं सी सर्टिफिकेट की ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक साबित हो रहा है।

# छात्रा संग टीचर को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा

**गया, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले में एक टीचर को 10वीं की छात्रा के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े जाने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार देर रात की है। बताया जा रहा है कि गांव के लोगों ने छात्रा और टीचर को एक साथ आपत्तिजनक हालत में देखा, जिसके बाद करीब एक घंटे तक गांव में हंगामा होता रहा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने छात्रा और शिक्षक को अपने साथ थाना ले गई। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। शुक्रवार सुबह मामले की जानकारी के बाद आरोपी टीचर की पत्नी भी थाना पहुंची है। घटना आमस थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी टीचर आमस थाना क्षेत्र के ही एक गांव में स्थित सरकारी स्कूल में पोस्टेड है। 16 साल की छात्रा इसी स्कूल में पढ़ाई करती है।

छात्रा के परिजन गुरुवार की शाम गांव से बाहर गए थे। छात्रा अपने छोटे भाई के साथ घर में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी टीचर छात्रा के घर देर रात करीब 11 बजे पहुंच गया। बताया गया कि गांव के लोगों को छात्रा और टीचर के बीच अफेयर की जानकारी पहले से थी।इसलिए टीचर जैसे ही छात्रा के घर पहुंचा, गांव के लोगों ने दोनों को रंगेहाथों आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इसके बाद काफी देर तक हंगामा होता रहा। गांव के लोगों ने टीचर को घेर लिया था, लेकिन सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा और टीचर को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर थाना ले आई। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक और छात्रा के बीच पिछले 4 महीने से अफेयर चल रहा था। गांव के लोगों को इसकी जानकारी थी और वे लगातार दोनों पर नजर रख रहे थे। बताया गया कि आरोपी टीचर का अक्सर छात्रा के घर पर आना जाना बना हुआ था।

हालांकि इस मामले में अभी तक आधिकारिक तौर पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है।पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इलाके में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा है। गांव के लोगों के मुताबिक, आरोपी टीचर पिछले 12 साल से आमस के स्कूल में पोस्टेड था। बताया जा रहा है कि उसकी पहली पत्नी की मौत चुकी है।

## कला संवाद पुस्तिका का विमोचन, बिहार की कला-संस्कृति के प्रचार-प्रसार को मिलेगा बढ़ावा

**पटना (29 मई, तरुणमित्र)।** बिहार के कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से प्रकाशित त्रैमासिक पुस्तिका कला संवाद (द्वितीय अंक) का शुक्रवार को विभागीय मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रकाशन राज्य की कला और संस्कृति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि कला संवाद को प्रत्येक तीन माह पर नियमित रूप से प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पुस्तिका विभाग और कला प्रेमियों के बीच एक प्रभावी संवाद का माध्यम बनेगी। मंत्री ने कहा कि कला संवाद कलाकारों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। इसके माध्यम से विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की नियमित एवं प्रमाणित जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पुस्तिका में कला एवं संस्कृति विभाग से जुड़े कार्यक्रमों, गतिविधियों, योजनाओं तथा महत्वपूर्ण आयोजनों की विस्तृत जानकारी शामिल की गई है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला सहित दों की मौत

**नवादा, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले में शुक्रवार को आई तेज आंधी तथा वर्षा के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई ।चार लोग घायल भी बताये जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले के वारिसलीगंज थाने के बेल्डा गांव में बज्रपात से 40 वर्षीय कौशल सिंह की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि कौशल सिंह खेत में काम कर रहे थे। तेज वर्षा के कारण पेड़ के पास आकर रुके थे।पेड़ पर हुए बज्रपात के कारण उनकी मौत हो गई। सिरदला में वज्रपात से 4 लोगों को घायल होने की भी बात कही जा रही है। भीषण वर्षा के कारण पेड़ के निकट छुपे हुए लोग 4 लोग बज्रपात से घायल हुए।दूसरी घटना नवादा कौवाकोल प्रखंड क्षेत्र के कौआकोल पंचायत अंतर्गत बीझो गांव में शुक्रवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।

मृतका की पहचान बीझो गांव निवासी सुलेखा देवी (36 वर्ष), पति शिवदानी यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि सुलेखा देवी गांव स्थित छठ घाट के पास अपने खेत में गोबर का मलवा फेंकने गई थीं। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हो गई ।जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और मातम का माहौल कायम हो गया। स्वजनों ने बताया कि मृतका अपने पीछे तीन पुत्री एवं एक पुत्र छोड़ गई हैं। वहीं उनके पति शिवदानी यादव चंडीगढ़ में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# डीएम ने बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु अधिकारियों को सौंपी जवाबदेही



**किशनगंज, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले में मानव तस्करी पर प्रभावी रोकथाम और बाल अधिकारों की सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी विशाल राज ने की।

बैठक में डीएम ने बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब बच्चों का रेस्क्यू करने वाली टीम द्वारा ही अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी, ताकि मानव तस्करी और बाल अपराध से जुड़े मामलों में अपराधियों के खिलाफ बिना किसी देरी के कठोर कानूनी कार्रवाई हो सके। डीएम ने सुरक्षित स्थान (ढडर) में रह रहे किशोरों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष मासिक कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही बाल संरक्षण संस्थानों के जर्जर भवनों की मरम्मत, पेयजल में आयरन की समस्या के समाधान, नियमित फॉगिंग तथा अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने की जिम्मेदारी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपी। बैठक में बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी विशेष चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने गणित एवं विज्ञान शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने, कक्षा 1 से 8 तक की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने तथा बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञ चिकित्सक नामित करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान जिले में लंबित 228 पॉक्सो मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी चर्चा की गई। डीएम ने प्रखंड स्तर पर बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय करने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

# पुलिस अधीक्षक ने दिखाई सख्ती, अनुशासनहीनता पर तत्काल निलंबन



**किशनगंज, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले में पुलिस विभाग ने कर्तव्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुए बहादुरगंज थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक सावित्री कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर की गई है।

जानकारी के अनुसार, बहादुरगंज अंचल पुलिस निरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक प्रतिवेदन सौंपा गया था, जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक सावित्री कुमारी पर कर्तव्यहीनता, अनुशासनहीनता तथा वरीय अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के गंभीर आरोप लगाए गए थे। प्रतिवेदन में बताया गया कि संबंधित पदाधिकारी अनुसंधान कार्यों एवं विभिन्न कांडों के निष्पादन में लगातार उदासीन बनी हुई थीं। आरोप है कि उन्हें समय-समय पर दिए गए विभागीय निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा था। इसके अलावा वे रात्रि गश्ती ड्यूटी में अनुपस्थित रहती थीं तथा दैनिक रोल-कॉल में भी बिना किसी वैध कारण के गैरहाजिर पाई गईं।

रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि उन्होंने वरीय अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुए ड्यूटी पर जाने और कांड का प्रभार ग्रहण करने से भी इंकार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रतिवेदन के आधार पर तत्काल प्रभाव से सावित्री कुमारी को सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित कर दिया।

निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र किशनगंज निर्धारित किया गया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ करते हुए स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। पुलिस विभाग का कहना है कि संबंधित पदाधिकारी का आचरण विभागीय अनुशासन, पुलिस कार्यप्रणाली और विधिक नियमों के विपरीत पाया गया है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सहरसा, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले के पतरघट प्रखंड के एसबीआई धबौली शाखा में शुक्रवार को वित्तीय सहायता एवं सामाजिक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृत खाताधारक के आश्रित परिवार को दो लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर शाखा प्रबंधक कुमार जयभद्र ने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक बैंक खाता खुलवाने तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर धबौली पूर्वी पंचायत निवासी स्वर्गीय सरिता देवी खाताधारक के पति सुशील राम को दो लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मात्र 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये का जीवन बीमा लाभ दिया जाता है।

## दाखिल-खारिज आवेदनों के निष्पादन में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : मंत्री

**पटना, 29 मई (तरुणमित्र)।** राज्य में लंबित दाखिल-खारिज आवेदनों के त्वरित निष्पादन को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्त कदम उठाया है। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए डिफेक्ट चेक स्तर पर लंबित लगभग 3.10 लाख आवेदनों का अधिकतम 15 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा है। यह निर्देश राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर विभागीय सचिव जय सिंह द्वारा जारी किया गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मामूली तकनीकी त्रुटियों के नाम पर आम लोगों के आवेदन अनावश्यक रूप से वापस नहीं किए जाएंगे। सरकार दाखिल-खारिज प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विभागीय पत्र में कहा गया है कि हाल के दिनों में राजस्व कर्मचारियों एवं अंचल अधिकारियों के सामूहिक अवकाश के कारण बड़ी संख्या में आवेदन स्क्रूटनी स्तर पर लंबित हो गए हैं। राज्य सरकार के ईज ऑफ लिविंग लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इन लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन आवश्यक माना गया है।

मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि आवेदनों की जांच सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ की जाए। छोटी-मोटी त्रुटियों के आधार पर आवेदन लौटाकर लोगों को परेशान नहीं किया जाए। विभाग ने यह भी कहा है कि सभी लंबित आवेदनों का डिफेक्ट चेक अधिकतम 15 दिनों के भीतर पूरा किया जाए। विभाग ने प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए नया प्रावधान भी लागू किया है। इसके तहत यदि कोई राजस्व कर्मचारी किसी आवेदन को त्रुटिपूर्ण चिह्नित करता है, तो संबंधित अंचल अधिकारी द्वारा उस त्रुटि की अनिवार्य जांच की जाएगी। जांच में यदि त्रुटि अनुचित पाई जाती है तो आवेदन सीधे आवेदक को वापस नहीं किया जाएगा, बल्कि संबंधित कर्मचारी को दोबारा भेजा जाएगा, ताकि आवेदन स्वीकार कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जा सके। सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने तथा इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विभाग ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया है।

# रेल यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आरपीएफ आईजी परमशिव



**किशनगंज, 29 मई (तरुणमित्र)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के महानिरीक्षक परमशिव शुक्रवार को एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर किशनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने स्टेशन परिसर, विभिन्न प्लेटफॉर्मों और रेल संपत्तियों का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा की।

सीमांचल के महत्वपूर्ण और संवेदनशील रेलवे स्टेशन माने जाने वाले किशनगंज स्टेशन पर सुरक्षा मानकों को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आईजी परमशिव ने स्टेशन के मुख्य प्लेटफॉर्म, आरपीएफ पोस्ट, यात्री प्रवेश एवं निकास द्वारों सहित संवेदनशील स्थलों का बारीकी से जायजा लिया।उन्होंने ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ अधिकारियों एवं जवानों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर हर समय सतर्क रहने की हिदायत दी।

महानिरीक्षक ने कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा और उनका भयमुक्त सफर सुनिश्चित करना आरपीएफ की पहली प्राथमिकता है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से महिला, बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों की सुरक्षा पर अतिरिक्त ध्यान देने का निर्देश दिया। आईजी ने स्टेशन परिसर, पार्सल घर और प्रतीक्षालयों में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों तथा लावारिस सामानों की सघन जांच करने का आदेश दिया। उन्होंने मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वायड की सहायता से निगरानी बढ़ाने तथा बिना टिकट घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने को कहा। इसके अलावा ट्रेनों और रेल परिसर में अवैध सामानों की तस्करी, नशाखुरानी गिरोह और पॉकेटमारों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के बाद आईजी परमशिव ने आरपीएफ और राजकीय रेल पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक भी की। बैठक में रेल अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दोनों एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और सूचनाओं के आदान-प्रदान पर जोर दिया गया। उन्होंने आगामी त्योहारों और वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए किशनगंज स्टेशन से गुजरने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों में एस्कॉर्ट पार्टी को पूरी तरह अलर्ट रहने तथा प्लेटफॉर्मों पर रैंडम चेकिंग और सघन गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों और सुरक्षा बलों में सक्रियता देखी गई।

## 7 जून तक बेली ब्रिज पर आवाजाही होगी शुरू : डीएम

**भागलपुर, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने शुक्रवार को विक्रमशिला सेतु पर चल रहे बेली ब्रिज निर्माण एवं आवागमन पुनर्बहाली कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बीआरओ एवं संबंधित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन एवं तकनीकी एजेंसियों का लक्ष्य आगामी 7 जून से पूर्व हर हाल में पुल पर यातायात प्रारंभ करना है। पहले 5 जून से पूर्व का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन आंधी पानी के कारण बिजली कटने की समस्या से काम में बाधा आई।

जिससे शुरू करने का लक्ष्य दो दिन आगे बढ़ गया है। डीएम ने बताया कि पूर्व में जो स्लैब क्षतिग्रस्त हुआ था, उसके स्थान पर नया हिस्सा एक सप्ताह पूर्व ही सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त तकनीकी ऑडिट रिपोर्ट में जिन दो अन्य हिस्सों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई थी, उन पर भी लॉन्चिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि अंतिम लॉन्चिंग का कार्य शेष है, जिसे तेजी से पूरा किया जा रहा है।

तकनीकी ऑडिट टीम के सुझाव के आधार पर अतिरिक्त सुरक्षा एवं मजबूती सुनिश्चित करने के लिए चौथे बेली ब्रिज का निर्माण भी कराया जा रहा है। डीएम ने कहा कि सीमा सड़क संगठन, पुल निर्माण निगम तथा विभाग के वरिष्ठ अभियंता दिन-रात कार्य में जुटे हुए हैं। विभागीय सचिव स्तर से भी लगातार मॉनिटरिंग एवं दिशा-निर्देश प्राप्त हो रहे हैं, जिससे कार्यों में तेजी लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यातायात संचालन को सुरक्षित एवं सुचारू बनाने के लिए पहुंच पथ के निर्माण, पुल के एंगल्स की तकनीकी जांच एवं सुधार, कोटा केबिन की स्थापना तथा लाइनिंग, मार्किंग एवं सिंगल लेन मॉनिटरिंग जैसे कार्यों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 7 जून से पूर्व पुल को आवागमन के लिए चालू कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सदाकत आश्रम में तीन दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर का दूसरा चरण शुरू

**पटना, 29 मई (तरुणमित्र)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में दूसरे चरण के तीन दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण शिविर 29, 30 एवं 31 मई तक चलेगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बीजेपी बापू की विचारधारा को खत्म करने का प्रयास कर रही है और देश में आरएसएस की विचारधारा को लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेसजन मिलकर बापू की विचारधारा को कभी मरने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर बापू की विचारधारा से संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। बापू के विचारों एवं सिद्धांतों को हम सभी को आत्मसात करना है। राजेश राम ने कहा कि सर्वोदय संकल्प शिविर को जिलों में भी आयोजित किया जाएगा तथा इसे गांव-गांव तक ले जाकर स्वदेशी चीजों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर सर्वोदय संकल्प शिविर के चेयरपर्सन एवं पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने भी अपने विचार रखे।

### कहलगांव नप सशक्त स्थाई समिति के तीन पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न

**भागलपुर, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले के कहलगांव नगर पंचायत की सशक्त स्थाई समिति के तीन पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण चन्द्र गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुई। वार्ड संख्या 15 के पार्षद सनोज कुमार चौधरी निर्विरोध निर्वाचित हुए, जबकि योगेन्द्र साहनी और सोनम कुमारी ने मतदान में जीत दर्ज की। बताया जा रहा है कि समिति के तीन पदों के लिए कई वार्ड पार्षदों ने नामांकन दाखिल किया था। पहले पद के लिए वार्ड पार्षद अरबिंद सिंह और योगेन्द्र साहनी मैदान में थे। वहीं दूसरे पद के लिए सोनम कुमारी और रामकुमार पाठक ने नामांकन किया था। तीसरे पद के लिए सनोज कुमार चौधरी और रामकुमार पाठक ने पर्चा दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान रामकुमार पाठक का नामांकन अवैध घोषित कर दिया गया।

### आंधी और बारिश से बढ़ी लोगों की परेशानी, आम और मकई के फसलों को नुकसान

**भागलपुर, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले में बीते देर रात और शुक्रवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश ने शहर में अफरातफरी का माहौल पैदा कर दिया। आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बड़ी-बड़ी टहनियां सड़क पर गिर गए। वहीं तेज बारिश और खराब मौसम को देखते हुए शहर के कई इलाकों की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गयी। तेज हवा के कारण बुढ़ानाथ चौक के आगे बुढ़िया काली मंदिर के पास स्थित एक विशाल पीपल का पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ गिरने से कुछ देर के लिए इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उधर तिलकामांझी और बरारी सड़क मार्ग में भी कई पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़क पर गिर गए। इस कारण कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ और लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। कई वाहन चालकों को रास्ता बदलकर गुजरना पड़ा। तेज बारिश और आंधी के कारण बिजली विभाग ने एहतियातन शहर के कई इलाकों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

### बादल गरजे, तेज हवा चली, फिर झमाझम बारिश

**गया, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले में शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली।सुबह-सुबह ही आसमान में काले बादल मंडराने लगे। तेज हवा चलने लगी।कुछ देर रिमझिम बारिश।फिर मेघ गर्जन के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई।बारिश होते ही शहर के मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया।कई दिनों से उमस और तपिश से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। घरों में ठंडी हवा पहुंचने लगी।शहर में करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।बारिश शुरू होते ही तेजी रफ्तार पकड़ रहा बाजार ठंडा पड़ गया। सड़के सुनी हो गईं।बारिश से बचने के लिए सुरक्षित ठिकाने में दुबक गए।बाइक व साइकिल सवार पुल और दुकानों के नीचे रुक गए।राहगीर भीगते हुए सुरक्षित जगह तलाशते नजर आए।बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बीते कुछ दिनों से चल रही गर्म हवाएं थम गईं।मौसम सुहावना हो गया।लोगों ने घरों की छत और बालकनी में बैठकर ठंडी हवा का आनंद लेने में जुट गए। मौसम विभाग ने पहले ही आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया था।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दक्षिण बिहार और आसपास के इलाकों में बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में धीरे-धीरे कमी देखी जा रही थी, लेकिन शुक्रवार की बारिश ने गर्मी का असर काफी हद तक कम कर दिया।मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो दिनों तक मौसम सामान्य बना रह सकता है।बीच-बीच में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना भी जताई गई है।इस कारण लोगों को फिलहाल हीट वेव से राहत मिलने के आसार हैं। इस बार नौतपा का असर भी कमजोर दिख रहा है। बारिश का असर खेती-किसानी पर भी सकारात्मक माना जा रहा है।

### एएसपी ने आमजनों की शिकायतें सुनी

**गया, 29 मई (तरुणमित्र)।** एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में शुक्रवार को एएसपी मनोज कुमार के द्वारा जनता दरबार में आमजनों की शिकायतें सुनी गई।जिसमें फरियादी अपनी-अपनी समस्या लेकर उपस्थित हुए।एएसपी के द्वारा सभी लोगों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### विभिन्न विषयों पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया

**गया, 29 मई (तरुणमित्र)।** बिपार्ड गया में 24 मार्च से 30 मई तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम जन संरक्षणम- का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के एसएसपी सुशील कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुक्रवार को किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बिहार पुलिस क्लेरिकल कैडर के द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी एवं सीटी एसपी कोटा किरण कुमार उपस्थित रहे।साथ ही बिपार्ड के पदाधिकारियों एवं फैकल्टी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन किया गया।

### सीटी एसपी ने गया हवाई अड्डा परिसर का सघन निरीक्षण किया

**गया, 29 मई (तरुणमित्र)।** म्यांमार के राष्ट्रपति के प्रस्तावित गया आगमन को लेकर सीटी एसपी कोटा किरण कुमार द्वारा गया हवाई अड्डा परिसर का सघन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन एवं अन्य आवश्यक तैयारियों का गहन जायजा लिया गया।इस अवसर पर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शनिवार, 30 मई 2026
विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी

## गिरता रुपया!

वर्तमान समय में भारतीय रुपया एशियाई मुद्राओं में सबसे कमजोर साबित हो रहा है। 2026 में डॉलर के मुकाबले रुपया 95-96 के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया है, जबकि अन्य एशियाई मुद्राएं डालर मूल्य के सापेक्ष मजबूती दिखा रही हैं। चीनी युआन ने सकारात्मक रिटर्न दिया है, जापानी येन, कोरियाई वॉन, इंडोनेशियाई रुपिया आदि की तुलना में रुपए की गिरावट सबसे तेज रही है। यह स्थिति चिंताजनक है और आर्थिक नीतियों, वैश्विक परिस्थितियों तथा संरचनात्मक कमजोरियों का परिणाम है। सबसे प्रमुख कारण तेल की बढ़ती कीमतें हैं। भारत अपनी 80% से अधिक कच्चे तेल की जरूरत आयात पर निर्भर है, मुख्यतः मध्य पूर्व से। ईरान-अमेरिका तनाव और पश्चिम एशिया संकट ने क्रूड ऑयल की कीमतों को आसमान छू लिया, जिससे भारत का आयात बिल बढ़ा, चालू खाता घाटा चौड़ा हुआ और डॉलर की मांग बढ़ी। जब तेल महंगा होता है तो रुपए पर दबाव स्वाभाविक है। दूसरा बड़ा कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का पलायन है। 2026 में बाहरी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी से अरबों डॉलर निकाले। वैश्विक अनिश्चितता, अमेरिकी फेड रिजर्व की नीतियां और भारतीय बाजारों में डालर सापेक्ष कमजोर रिटर्न ने निवेशकों को आकर्षित नहीं किया। परिणामस्वरूप डॉलर की मांग बढ़ी और रुपया दबाव में आया। अन्य एशियाई देशों जैसे चीन, वियतनाम या इंडोनेशिया में निर्यात-उन्मुख विकास और बेहतर पूंजी प्रवाह ने उनकी मुद्राओं को सहारा दिया। संरचनात्मक समस्याएं भी कम महत्वपूर्ण नहीं। भारत का विनिर्माण निर्यात अभी भी कमजोर है। सेवा क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता ने मुद्रा को संवेदनशील बना दिया है। निजी निवेश सकल उत्पाद का मात्र 8-10% रह गया है। मुद्रा नीति में रिजर्व बैंक आफ इंडिया का हस्तक्षेप (डॉलर बिक्री) विदेशी मुद्रा भंडार को घटा रहा है, जो अल्पकालिक राहत देता है लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं। अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाएं जैसे दक्षिण कोरिया, ताइवान और सिंगापुर प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और व्यापार अधिशेष पर मजबूत खड़ी हैं, जिससे उनकी मुद्राएं स्थिर रहती हैं। यहां तक की पाकिस्तान का रुपया भी अपनी जगह मंजबूती बनाये हुये है, इसमें वैश्विक कारक भी प्रभावी हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर इंडेक्स, भू-राजनीतिक जोखिम और वैश्विक जोखिम से बचाव की भावना ने उभरती बाजार मुद्राओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन भारत सबसे अधिक प्रभावित हुआ क्योंकि उसकी बाहरी संवेदनशीलता अधिक है। इस कमजोरी के परिणाम गंभीर दिखाई दे रहे हैं। आयात महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी, खासकर ईंधन और खाद्य पदार्थों में। उद्योगों की लागत बढ़ेगी, जिससे विकास प्रभावित होगा। हालांकि, निर्यातकों को फायदा हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर संतुलन नकारात्मक है। समाधान की दिशा भी अभी तक स्पष्ट नही दिख रही है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण नीतियों (पीएलआई स्कीम आदि) को तेजी से लागू करना चाहिए। बाहरी इनवस्टमेंट को और आकर्षित करने के लिए सुधार जरूरी हैं। चालू खाता घाटे को नियंत्रित करने हेतु तेल आयात पर निर्भरता कम कर नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दें। आरबीआई को मुद्रा प्रबंधन में संतुलन बनाए रखना होगा, न कि केवल हस्तक्षेप पर निर्भर रहना। रुपया एशिया की सबसे कमजोर मुद्रा बनकर भारत की आर्थिक मजबूती पर सवाल उठा रहा है। यह समय नीतिगत सुधारों और आत्मनिर्भरता का है। यदि हम संरचनात्मक कमजोरियों को दूर नहीं करते, तो भविष्य में ऐसी स्थिति बार-बार आएगी। मजबूत अर्थव्यवस्था ही मजबूत मुद्रा की गारंटी है। इसे नकारा नही जा सकता।

## बैरिकेडिंग के शिकंजे में लखनऊ : आखिर कैसे बचाए पेट्रोल?



पियूष कुमार कश्यप

**लखनऊ... यानी तहजीब का शहर, अदब का शहर, शाम-ए-अवध का शहर। वह शहर जहाँ कभी गलियों में सुकून टहलता था, जहाँ सफर दूरी से नहीं, अपनापन से मापा जाता था। लेकिन आज वही लखनऊ लोहे की बैरिकेडिंगों, अनगिनत डायवर्जनों और दम तोड़ती ट्रैफिक व्यवस्था के बीच कराहता दिखाई देता है।**

ऐसा लगता है जैसे शहर की सड़कों पर विकास नहीं, अव्यवस्था का साम्राज्य खड़ा कर दिया गया हो। राजधानी की सड़कें अब रास्ते कम और परीक्षा केंद्र ज्यादा लगती हैं। हर मोड़ पर बैरिकेडिंग, हर चौराहे पर जाम, हर कुछ किलोमीटर पर रास्ता बंद। आम आदमी अपने ही शहर में ऐसा भटकता है जैसे कोई अजनबी रास्ता पूछ रहा हो। सवाल यह है कि आखिर यह शहर चल किसके लिए रहा है? जनता के लिए या केवल वीआईपी काफिलों और दिखावटी व्यवस्थाओं के लिए? प्रधानमंत्री देशवासियों से पेट्रोल बचाने की अपील करते हैं। छोटी दूरी पैदल तय करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और ईंधन बचाने की बात करते हैं। यह अपील सही भी है और जरूरी भी। लेकिन क्या कभी किसी ने लखनऊ की जमीन पर उतरकर देखा है कि यहाँ पेट्रोल बचाना अब आम आदमी के बस की बात ही नहीं रही? जिस रास्ते से कोई व्यक्ति पाँच मिनट में पहुँच सकता है, वहाँ बैरिकेडिंग खड़ी कर दी जाती है।

यू-टर्न बंद, कट बंद, रास्ते बंद। नतीजा यह कि जनता किलोमीटरों अतिरिक्त घूमने को मजबूर होती है। गाड़ियाँ रेंगती रहती हैं, इंजन चालू रहते हैं, पेट्रोल जलता रहता है और व्यवस्था वातानुकूलित कमरों में बैठकर 'ईंधन बचाओ' के भाषण देती रहती है।

यह कैसी विडंबना है? एक तरफ सरकार कहती है – पेट्रोल बचाइए। दूसरी तरफ सड़कें ऐसी बना दी गई हैं कि आदमी चाहे भी तो पेट्रोल नहीं बचा सकता। हजरतगंज से लेकर गोमतीनगर तक, चारबाग से लेकर अलीगंज तक, निशातगंज से कपूरथला तक और पुराने लखनऊ की गलियों से लेकर ट्रांसगोमती तक – हर तरफ एक ही कहानी दिखाई देती है। सड़कें वाहन से ज्यादा बैरिकेडिंगों से भरी हुई हैं। कहीं सुरक्षा के नाम पर रास्ता बंद, कहीं वीआईपी मूवमेंट के नाम पर जनता रोक दी गई, कहीं बिना किसी स्पष्ट कारण के लोहे के अवरोध खड़े कर दिए गए। कभी-कभी लगता है कि लखनऊ की सड़कें जनता के लिए नहीं, केवल नियंत्रण दिखाने के लिए बनाई गई हैं।

'राहों पर पहरे इतने हैं कि सफर अब सफर नहीं लगता, शहर साँस तो ले रहा है मगर ज़िंदा शहर नहीं लगता।'

सबसे बड़ी मार उस आम आदमी पर पड़ रही है जो रोज कमाकर अपना घर चलाता है। ई-रिक्शा चालक सुबह उम्मीद लेकर निकलता है कि दिनभर मेहनत करेगा तो बच्चों के लिए राशन ले जाएगा। लेकिन जाम और बैरिकेडिंग उसकी बैटरी भी खा जाती है और कमाई भी। पहले जहाँ एक चार्ज में पूरा दिन निकल जाता था, अब आधे दिन में चार्जिंग ढूँढनी पड़ती है।

ऊपर से ग्राहक पूछता है – 'इतना किराया क्यों?' क्या कोई अधिकारी कभी इन चालकों के पास बैठकर उनकी परेशानी सुनता है? क्या किसी योजना में उस गरीब आदमी की मजबूरी शामिल है जो हर दिन सड़कों पर अपनी जिंदगी घसीट रहा है? ऑटो चालक परेशान, टैक्सी चालक परेशान, डिलीवरी बॉय परेशान, मरीज परेशान, छात्र परेशान। लेकिन व्यवस्था के कानों पर जैसे कोई असर ही नहीं पड़ता। ऐसा लगता है कि राजधानी की सड़कें जनता की सुविधा के लिए नहीं बल्कि जनता के धैर्य की परीक्षा लेने के लिए छोड़ दी गई हैं। सबसे दुखद स्थिति तब होती है जब एंबुलेंस जाम में फँस जाती है। सायरन चीखता रहता है, मरीज जिंदगी और मौत के बीच झूलता रहता है और सड़क बैरिकेडिंगों में जकड़ी खड़ी रहती है। क्या यही स्मार्ट सिटी है? क्या यही आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन है?

'जब रास्तों पर लोहे का राज हो जाए,
तब इंसान की साँस भी कैद हो जाती है।
और जिस शहर में एंबुलेंस रुक जाए,
वहाँ विकास की बातें शर्मिंदा हो जाती हैं।'

सवाल यह भी है कि आखिर हर समस्या का समाधान बैरिकेडिंग ही क्यों है? यदि ट्रैफिक नियंत्रित करना है तो स्मार्ट सिग्नल कहाँ हैं? इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम कहाँ है? वैज्ञानिक ट्रैफिक प्लानिंग कहाँ है? करोड़ों रुपये खर्च कर स्मार्ट सिटी के बोर्ड लगा देने से शहर स्मार्ट नहीं हो जाता। शहर तब स्मार्ट होता है जब नागरिक बिना डर, बिना तनाव और बिना अनावश्यक रुकावट के अपने गंतव्य तक पहुँच सके। आज हालत यह है कि लखनऊ में घर से निकलने वाला व्यक्ति सबसे पहले यह सोचता है कि आज कौन-सा रास्ता बंद मिलेगा। लोग गूगल मैप नहीं, बैरिकेडिंग देखकर रास्ता तय करने लगे हैं। यह मजाक नहीं, बल्कि जनता की पीड़ा है। और यह पीड़ा केवल समय की नहीं है – यह आर्थिक नुकसान भी है। पेट्रोल महँगा है, डीजल महँगा है। एक मध्यमवर्गीय परिवार पहले ही महँगाई से जूझ रहा है। ऊपर से रोज का अतिरिक्त चक्कर उसकी जेब पर और बोझ डालता है। यदि कोई व्यक्ति रोज पाँच से दस किलोमीटर अतिरिक्त घूम रहा है, तो महीने भर में कितना अतिरिक्त ईंधन जल रहा होगा? क्या कभी इस नुकसान का कोई हिसाब लगाया गया?

सरकारें अक्सर कहती हैं कि देश का पैसा बचाइए। लेकिन सड़कों पर जलता यह अतिरिक्त पेट्रोल क्या देश का नुकसान नहीं है? जाम में खड़े हजारों वाहन क्या प्रदूषण नहीं बढ़ा रहे? घंटों इंजन चालू रखना क्या पर्यावरण के खिलाफ अपराध नहीं? विडंबना देखिए – एक तरफ प्रदूषण कम करने के लिए करोड़ों खर्च किए जाते हैं, दूसरी तरफ ट्रैफिक व्यवस्था ऐसी बना दी जाती है कि वाहन घंटों धुआँ उगलते रहें।

'धुएँ से भर गया है शहर का आसमान, और जिम्मेदार लोग कहते हैं – सब सामान्य है। जिस व्यवस्था को जनता का दर्द न दिखे, वह व्यवस्था नहीं, केवल अहंकार है।'

लखनऊ की पहचान कभी सुकून से होती थी। लेकिन आज सड़कों पर केवल हॉर्न का शोर सुनाई देता है। सुबह ऑफिस जाने वाला व्यक्ति रास्ते में ही मानसिक रूप से थक जाता है। घंटों जाम में फँसना अब केवल ट्रैफिक समस्या नहीं रही, यह मानसिक तनाव का कारण बन चुका है। डॉक्टर तक कह रहे हैं कि लगातार ट्रैफिक तनाव, चिड़चिड़ापन और ब्लड प्रेशर बढ़ा रहा है। लेकिन क्या इन समस्याओं पर कभी गंभीर चर्चा होती है? हर वीआईपी मूवमेंट पर सड़कें रोक देना आखिर कब तक चलेगा? लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि मानी जाती है, लेकिन सड़क पर खड़ा आम आदमी खुद को सबसे उपेक्षित महसूस करता है। धूप में खड़ा नागरिक सोचता है कि आखिर उसका समय इतना सस्ता क्यों है? विकास का अर्थ केवल फ्लाईओवर बनाना नहीं होता। विकास का अर्थ यह भी होता है कि नागरिक को राहत मिले, सुविधा मिले, सुकून मिले। यदि सड़कें चौड़ी होने के बाद भी सफर कठिन हो जाए, तो फिर उस विकास का लाभ किसे मिला? आज जरूरत है कि प्रशासन जनता की आवाज सुने। जहाँ आवश्यकता नहीं है वहाँ से अनावश्यक बैरिकेडिंग हटाई जाए। ट्रैफिक विशेषज्ञों की मदद ली जाए। फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त किए जाएँ ताकि लोग पैदल चल सकें। साइकिल ट्रैक बनाए जाएँ। सार्वजनिक परिवहन मजबूत किया जाए। सबसे जरूरी – जनता को दुश्मन नहीं, नागरिक समझा जाए। लखनऊ केवल इमारतों का शहर नहीं है। यह उन लाखों सपनों का शहर है जो हर सुबह सड़कों पर निकलते हैं। कोई नौकरी के लिए निकलता है, कोई पढ़ाई के लिए, कोई इलाज के लिए और कोई दो वक्त की रोटी कमाने के लिए। लेकिन जब हर दिन उनका सामना अव्यवस्था से होता है, तब शहर की खूबसूरती भी फीकी लगने लगती है। 'शहर वही अच्छा होता है जहाँ रास्ते जोड़ते हों, तोड़ते नहीं। जहाँ सफर आसान हो, और आदमी घर लौटते वक्त थका नहीं, सुकून में हो।'

अब समय आ गया है कि सत्ता और व्यवस्था दोनों खुद से सवाल पूछें – क्या राजधानी की सड़कें जनता के लिए हैं या केवल दिखावे के लिए? क्या सुरक्षा के नाम पर नागरिकों का समय और ईंधन यूँ ही जलता रहेगा? क्या पेट्रोल बचाने की अपील केवल भाषणों तक सीमित रहेगी? क्योंकि सच यही है कि जब तक लखनऊ की सड़कें आम आदमी के अनुकूल नहीं होंगी, तब तक पेट्रोल भी जलता रहेगा, जनता भी जलती रहेगी और विकास के दावे भी ट्रैफिक के धुएँ में खोते रहेंगे।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आखिर आस्था से बड़ा राजस्व कब तक?



प्रकाश चंद्र शर्मा

राजस्थान समेत देशभर में मंदिर केवल पूजा-अर्चना की जगह नहीं, बल्कि समाज की आस्था, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के केंद्र माने जाते हैं। सुबह की आरती, घंटियों की ध्वनि, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की भीड़ एक आध्यात्मिक वातावरण तैयार करती है। लेकिन सोचिए, उसी मंदिर के बाहर कुछ ही कदम की दूरी पर शराब का ठेका खुला हो... शराबियों की भीड़ हो... गाली-गलौज और हंगामा हो... तो क्या यह केवल एक 'व्यावसायिक गतिविधि' मानी जाएगी या फिर आस्था पर सीधा प्रहार? आज प्रदेश के कई शहरों और कस्बों में यही तस्वीर दिखाई दे रही है। मंदिरों की चौखट के पास शराब बिक रही है और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। सवाल यह है कि आखिर सरकार की प्राथमिकता क्या है—जनभावनाएं या शराब से मिलने वाला राजस्व?

**मंदिरों के बाहर शराबः श्रद्धालुओं के लिए अपमानजनक माहौल–** मंदिरों में महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में आते हैं। लेकिन जब मंदिर के बाहर शराब खरीदने वालों की भीड़ लगी हो, नशे में लोग अभद्र व्यवहार कर रहे हों, तो श्रद्धालुओं को असहजता ही नहीं, बल्कि अपमान महसूस होता है। कई महिलाओं ने शिकायत की है कि शाम की आरती या धार्मिक आयोजनों के दौरान मंदिर मार्ग पर शराबियों की वजह से डर और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। बच्चों पर इसका गलत असर पड़ना भी एक गंभीर सामाजिक चिंता है। जिस स्थान से संस्कार मिलने चाहिए, वहां अगर नशे का माहौल दिखाई दे, तो यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

**नियम हैं... लेकिन सिर्फ कागजों में?** आबकारी नियमों में धार्मिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास शराब की दुकानों को लेकर दूरी तय करने के प्रावधान जरूर हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। कहीं दूरी मुख्य द्वार से नापी जाती है, कहीं सड़क मार्ग से, तो कहीं नियमों की ऐसी व्याख्या कर दी जाती है कि ठेके मंदिर की दीवार से सटे होने के बावजूद 'वैध' घोषित कर दिए जाते हैं। यानी नियम कम, खेल ज्यादा दिखाई देता है। सबसे बड़ा सवाल यही है—अगर नियम मौजूद हैं, तो उनका पालन कौन करवाएगा?

**विरोध होता है... फिर भी ठेके क्यों नहीं हटते?** 1. सरकार के लिए 'कमाई का जरिया' शराब से सरकारों को हजारों करोड़ का राजस्व मिलता है। यही वजह है कि धार्मिक भावनाओं से ज्यादा फिक्र कमाई की दिखाई देती है। राजस्व बढ़ाने की होड़ में सामाजिक संवेदनशीलता पीछे छूटती जा रही है। 2. प्रशासनिक ढिलाई या मिलीभगत? स्थानीय लोगों और धार्मिक संगठनों का आरोप है कि कई मामलों में तकनीकी खामियों और प्रशासनिक ढिलाई का फायदा उठाकर ठेकों को बचा लिया जाता है। ज्ञापन दिए जाते हैं, विरोध प्रदर्शन होते हैं, लेकिन कार्रवाई अक्सर फाइलों तक सीमित रह जाती है। 3. कार्रवाई तभी, जब मामला उछले अक्सर तब तक कोई कदम नहीं उठाया जाता जब तक मामला मीडिया की सुर्खियों में न आ जाए या जनता सड़क पर न उतर आए। यानी प्रशासन स्वतः नहीं जागता, उसे जगाना पड़ता है। यह केवल धार्मिक नहीं, सामाजिक मुद्दा भी हैः मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और चर्चों के आसपास शराब के ठेके केवल धार्मिक भावनाओं को आहत नहीं करते, बल्कि सामाजिक माहौल भी बिगाड़ते हैं। महिलाओं की सुरक्षा, सार्वजनिक शालीनता और युवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव जैसे मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सरकारें एक तरफ धार्मिक पर्यटन और संस्कृति संरक्षण की बातें करती हैं, दूसरी तरफ धार्मिक स्थलों के आसपास शराब बिक्री की खुली छूट देती हैं। यह दोहरी नीति आखिर कब तक चलेगी?

**अब केवल बहाने नहीं, सख्त नीति चाहिएः** यदि सरकार वास्तव में धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखना चाहती है, तो उसे केवल बयान नहीं, ठोस फैसले लेने होंगे– सभी धार्मिक स्थलों से शराब ठेकों की न्यूनतम दूरी स्पष्ट और सख्ती से तय हो। जीपीएस आधारित सर्वे कर नियमों का पारदर्शी पालन सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय जनता और निकायों की सहमति के बिना नए ठेकों को अनुमति न मिले। शिकायत मिलने पर समयबद्ध कार्रवाई अनिवार्य हो। सबसे बड़ा सवाल... क्या सरकार के लिए आस्था की कोई कीमत है? क्या श्रद्धालुओं की भावनाएं शराब के राजस्व से छोटी हैं? क्या मंदिरों की पवित्रता अब सरकारी आय के आगे महत्व खो चुकी है? अगर सरकार वास्तव में संस्कृति, संस्कार और धार्मिक विरासत की बात करती है, तो उसे मंदिरों की चौखट से शराब के कारोबार को दूर करना ही होगा। वरना जनता यही मानेगी कि 'राजस्व' के आगे आस्था की कोई अहमियत नहीं है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।


### हाय कुर्सी क्या चीज है!



कृष्णेन्द्र राय

हम आपके बिन, रह नहीं पाते ।
आप कह दें तो, हम चले आते ।।
हाय कुर्सी क्या चीज,
बिन इसके ना...रह पाते ।।
उड़े खूशबू, ये रुत बदली ।
बीजेपी की बहार आई ।।
है अब तो यही मौका ।
झटपट न्यौता भिजवाए ।।
बीजेपी में आने को जी करता है ।
शामिल....हो जाने को
मन मचलता है ।
शामिल हो जाने को
मन मचलता है ।।

## हिन्दी पत्रकारिता : ध्येय यात्रा के गौरवशाली 200 वर्ष



सर्वेश कुमार सिंह

हिंदी पत्रकारिता यात्रा के 200 वर्ष पूर्ण कर रही है। इस यात्रा में हिंदी पत्रकारिता ने न केवल खुद को नित नए आयाम के रूप में गढ़ा बल्कि दायित्व बोध को भी बगैर थके, बगैर रुके निभाया। भाषा,शैली, व्याकरण और साहित्य को इन 200 सालों में उन्नत किया। हिंदी पत्रकारिता ने स्वातंत्र्य पूर्व काल में ध्येयपूर्ण (मिशनरी) भाव से स्वाधीनता की अलख जगाई। समाज में सुधारवादी आंदोलनों के लिए जनजागरण किया। स्त्री शिक्षा, बाल विवाह जैसे मुद्दों पर राष्ट्रीय नेताओं की अपील को स्वर दिया।

स्वाधीन भारत में लोकतंत रक्षक की भूमिका में हिंदी पत्रकारिता सबसे आगे खड़ी हुई। तीस मई 1826 को जब पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने कानपुर से कोलकाता जाकर पहला हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र 'उदंत मार्तंड' प्रकाशित किया, तो किसी को नहीं मालूम था कि एक दिन हिंदी पत्रकारिता भारत के जन-जन, गांव-गांव, शहर-कस्बों की आवाज बन जाएगी। सूचना और संवाद का ये माध्यम समाज सुधार से लेकर, जन समस्याओं के निराकरण का माध्यम और लोकतंत्र का प्रहरी बन जाएगा।

हिंदी पत्रकारिता को पुष्पित, पल्लवित करने में अनेक महान संपादकों और साहित्यकारों ने न केवल योगदान किया, बल्कि अपने जीवन को भी इस ध्येय के लिए समर्पित कर दिया। ये सफल विकास यात्रा शून्य से शिखर तक जिन संपादकों की मेधा और अथक परिश्रम से आज यश पा रही है, उनमें पंडित जुगल किशोर शुक्ल,भारतेंदु हरिश्चंद्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र,बाबू राव विष्णु राव पराड़कर, हजारी प्रसाद द्विवेदी, माखनलाल चतुर्वेदी, गणेश शंकर विद्यार्थी, मुंशी प्रेमचंद्र, हनुमान प्रसाद पोद्दार, पंडित अटल बिहारी वाजपेयी, विद्यानिवास मिश्र, हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय, धर्मवीर भारती, राजेंद्र अवस्थी,रघुवीर सहाय, राजेंद्र यादव, शिवपूजन सहाय, बनारसी दास चतुर्वेदी, महात्मा गांधी, पंडित मदन मोहन मालवीय, प्रताप नारायण मिश्रा, वचनेश त्रिपाठी का स्मरण समीचीन है।

हिंदी पत्रकारिता के उद्भव में जिन नगरों और महानगरों के प्रबुद्ध समाज, व्यवसायियों और राज घरानों का योगदान अग्रणी है, उनमें वाराणसी सबसे महत्वपूर्ण है। कोलकाता, आगरा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, जबलपुर, मिजार्पुर , मेरठ, बरेली,मुरादाबाद से भी शुरूआती दौर में कई प्रमुख हिंदी पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित हुई। उत्तर प्रदेश में पहला हिंदी दैनिक हिंदुस्तान प्रतापगढ़ जनपद की रियासत काला कांकर से 1885 में राजा रामपाल सिंह ने प्रकाशित किया था। इसके संपादक पंडित मदन मोहन मालवीय थे।

हिंदी के कुछ समाचारपत्र अल्प अवधि तक प्रकाशित हुए, किंतु ये हिंदी पत्रकारिता की नींव बन गए। इनका उल्लेख किए बिना 200 साल की यात्रा का स्मरण और सिंहावलोकन अधूरा है।

ये समाचार पत्र और पत्रिकाएं उदंत मार्तंड के प्रकाशन से शुरू होकर अनवरत जारी है। बनारस अखबार, सरस्वती, सुधाकर, बुद्धि प्रकाश, समाचार सुधा वर्षण, प्रजा हितैषी, कविवचन सुधा, हरिश्चंद्र चंद्रिका,,बाल बोधिनी, आनंद कादम्बिनी,ब्राह्मण, भारत मित्र, हिंदुस्तान, नवभारत, अभ्युदय, प्रताप, कर्मवीर, आज, कल्याण, पाञ्चजन्य, राष्ट्रधर्म, वीर अर्जुन, स्वदेश, भास्कर, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हंस, विशाल भारत, धर्मयुग, दिनमान, कादम्बिनी, सारिका, अरुण का हिंदी पत्रकारिता में अतुलनीय योगदान है।

आज हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर जब हम उदंत मार्तंड का स्मरण कर रहे हैं। तब हमें पिछले 100 का भी स्मरण स्वाभाविक रूप से होता है। सौ वर्ष पूर्व हिंदी पत्रकारिता से जुड़ी दो घटनाएं और हुई जिन्हें याद करने से गौरव की अनुभूति होती है। वर्ष 1926 में यानी ठीक 100 साल पहले गोरखपुर से धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक चेतना को जागृत रखने के लिए ₹कल्याण₹ पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ। हालांकि पहला अंक 1926 में मुंबई से निकला, लेकिन 1927 के बाद से इसका प्रकाशन गोरखपुर से हो रहा है।

हिंदी की आध्यात्मिक पत्रकारिता का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण कल्याण बना हुआ है। इस पत्रिका के 100 वर्ष में लगभग 90 विशिष्ट अंक तथा अनगिनत विशेषांक प्रकाशित हुए है। इन अंकों ने भारत के आध्यात्मिक, पौराणिक, वैदिक ज्ञान को सहेजने का काम किया है। इसके लिए जयदयाल गोयनका और हनुमान प्रसाद पोद्दार की जितनी प्रशंसा की जाय कम ही है। कल्याण भी इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है।

इसी के साथ ही 1925 में 'हिंदी साहित्य सम्मेलन' के तत्वावधान में 'प्रथम संपादक सम्मेलन' वृंदावन (मथुरा) में हुआ था। इसे भी 101 साल पूरे हो रहे है। इस सम्मेलन में हिंदी के मूर्धन्य विद्वान और संपादक बाबू राव विष्णु राव पराड़कर जी का ऐतिहासिक भाषण हुआ। वे इस सम्मेलन के अध्यक्ष थे। उन्होंने 100 साल पहले आज की हिंदी पत्रकारिता की 'दशा और दिशा' की भविष्यवाणी की थी।

भविष्य के संपादकों के प्रबंधकों के प्रभाव में रहने की आशंका भी व्यक्त की थी। जो आज सच साबित हो रही है। इस संपादक सम्मेलन में पराड़कर जी ने बताया था कि 'समाचार पत्र के दो मुख्य धर्म है - 'एक तो समाज का चित्र खींचना और दूसरा उसे सद उपदेश देना'। हमारा दूसरा कार्य 'लोक-शिक्षण हमारा सच्चा धर्म है'।

इसी के द्वारा हम देश की और जनता की सच्ची सेवा कर सकते हैं। 'हमें अपने पत्रों में सदा सर्व प्रकार से उच्च आदर्श को स्थान देना चाहिए' आज की हिंदी पत्रकारिता तकनीकी युग में है। तकनीक के अनेक उपायों से सज्जित है। इससे जो मुख्य परिवर्तन हुआ है, वह दो स्तरीय है। एक प्रकाशन की कागज पर निर्भरता कम हुई है। पत्र-पत्रिकाएं डिजिटल स्वरूप में हमारे सामने है। आसानी से उपलब्ध भी है। पहुंच की गति तीव्र हुई है। हमें अब 24 घंटे इंतजार नहीं करना है, बल्कि इंटरनेट से हिंदी समाचार तत्काल मिल रहे है। ये अच्छी स्थिति है,लेकिन चिंताजनक ये है कि इस डिजिटल युग में पत्रिकाओं का युग समाप्तप्रायः हो गया है।

हमारी हिंदी की 200 साल की पत्रकारिता गौरवशाली रही है। इस गौरव को बनाए रखने और इसमें श्रीवृद्धि करने का दायित्व आज की पीढ़ी पर है। हिंदी पत्रकारिता को शब्दों की दृष्टि से समृद्ध करने, भाषा और व्याकरण की शुद्धता को बनाए रखने की आवश्यकता है। साथ ही हिंदी पत्रकारिता की पूंजी विश्वसनीयता है। दायित्वबोध के साथ तथ्यात्मक और निष्पक्ष पत्रकारिता को अपना धर्म बनाकर हम अगली शताब्दियों को और अधिक गौरवशाली बना सकते है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

### सूडोकु नवताल- 7810

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7809 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## आज का राशिफल

**मेष** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृष** : बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। एकाकी प्रवृति का त्याग करें।

**मिथुन** : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क** : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह** : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या** : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला** : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक** : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु** : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर** : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कुंभ** : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मीन** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# एनएच 327एडी पर सड़क को बनाया मक्का सुखाने का अड्डा, हर पल मंडरा रहा हादसे का खतरा



**सुपौल, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले के सरायगढ़-गणपतगंज होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 327 एडी पर इन दिनों सड़क सुरक्षा पूरी तरह से भगवान भरोसे नजर आ रही है। हाईवे के कई हिस्सों पर खुलेआम सड़क पर मक्का सुखाया जा रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है।

हाईवे पर कई जगहों पर किसानों एवं स्थानीय लोगों द्वारा सड़क के किनारे से लेकर बीच हिस्से तक मक्का फैला दी जाती है। दिनभर वाहनों की आवाजाही के बीच सड़क पर फैली मक्का के कारण बाइक, साइकिल और छोटे वाहनों के फिसलने का खतरा बना रहता है।

खासकर दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार बाइक चालक अचानक संतुलन खो बैठते हैं और दुर्घटना होने से बाल-बाल बचते हैं। सड़क पर बिखरे मक्के के दानों के कारण टायर स्लिप करने लगते हैं, जिससे वाहन अनियंत्रित हो सकता है।

रात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि दूर से सड़क पर फैली मक्का स्पष्ट दिखाई नहीं देती राहगीरों का कहना है कि हाईवे जैसी व्यस्त सड़क पर इस तरह मक्का सुखाना पूरी तरह लापरवाही है। सड़क पर लगातार भारी वाहनों की आवाजाही रहती है और ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार मना करने के बावजूद कुछ लोग जबरन सड़क पर मक्का फैला देते हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से हाईवे पर मक्का सुखाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है लोगों का कहना है कि सड़क आम जनता की सुविधा और सुरक्षित आवागमन के लिए होती है, न कि कृषि उपज सुखाने के लिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द निगरानी बढ़ाने, जागरूकता अभियान चलाने और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# फुलवरिया में चल रहे अवैध प्लाईवुड मील को पुलिस टीम ने किया सील



**सुगौली, 29 मई (तरुणमित्र)।** अवैध रूप से चल रहे प्लाईवुड मील की सूचना पर डीएसपी ऋषभ कुमार के नेतृत्व मे वन विभाग की टीम ने सुगौली थाना क्षेत्र के फुलवरिया में धनधन प्लाईवुड इन्टरपराईजेज आरा मील में बुधवार की शाम छापेमारी की छापेमारी के दौरान टीम ने कागजातों की जांच की और लकड़ी के खरीद बिक्री के जरूरी पेपर नहीं पाए जाने पर वन विभाग के अधिकारियों ने आरा मील को सील कर दिया।

वही वन विभाग के अधिकारियों ने आरा मिल को सील करते हुए कागजात की मांग की है।अगर कागजात नहीं दिखाया जाता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वन विभाग की टीम के द्वारा इस छापेमारी से अवैध रूप चला रहे आरा मील संचालकों में हड़कंप मच गया है। प्रखंड के कई जगहों पर प्लाई मशीन व आरा मशीन लोगों के द्वारा चलाया जाता है।जहां धड़ल्ले से भारी मात्रा में लकड़ी की खरीद बिक्री व चीराई का काम किया जाता है लेकिन अब प्रशासन इस तरह के अवैध रूप से चल रहे आरा मशीनों पर कार्रवाई करने में जुट गई है।

# विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने की विशेष नमाज अदा

**सुगौली, पू.च :, 29 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को त्याग,बलिदान और भाईचारे का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विशेष नमाज अदा कर देश में अमन,चैन और भाईचारे की दुआ मांगी।

सुबह से ही इस्लाम धर्मावलंबियों में खासा उत्साह देखने को मिला। नए कपड़ों में बच्चे,युवा और बुजुर्ग ईदगाहों की ओर जाते नजर आए। नगर पंचायत द्वारा सभी ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था कराई गई थी। वहीं कई स्थानों पर मेले जैसा माहौल देखने को मिला। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सहित छपवा, सुगांव,श्रीपुर,भरगांवा, छपरा बहास ,सुकुल पाकड़ बेलदरिया, हाता,बक्सा,और बगही समेत अन्य गांवों में भी शांतिपूर्ण वातावरण में बकरीद की नमाज अदा की गई। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन किरण, अंचलाधिकारी कुंदन कुमार, थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक संजीव मौआर, अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज,एसआई अनुराग राज,नवीन कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान लगातार विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी करते रहे। नमाज के बाद सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के लोगों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं दीं। उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा,पार्षद श्याम शर्मा,व्यवसाई संघ अध्यक्ष अशोक गुप्ता,उप प्रमुख प्रतिनिधि शंभु साह,अशोक सोनी,शैलेश पटेल और प्रियांशु सर्राफ सहित अन्य लोगों ने गले मिलकर सौहार्द का संदेश दिया। वहीं रेयाजुल हक मुन्ना,मुखिया अशफाक अहमद,पार्षद अकरम रेजा,पूर्व मुखिया एजाजुल हक, वाजिद आलम, मुन्ना आलम, इलियास मियां और अन्य गणमान्य लोगों ने कहा कि बकरीद त्याग,बलिदान और आपसी भाईचारे का प्रतीक पर्व है।

## इनाया, साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन, महिलाओं के लिए नये डिजाइनों में लाया तनाएरा

**भागलपुर, 29 मई (तरुणमित्र)।** आज के दौर में जश्न का अंदाज अधिक निजी, अभिव्यक्तिपूर्ण और स्टाइल के प्रति सजग हो रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुए टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा लेकर आए हैं साड़ियों का आधुनिक कलेक्शन, जिसे खासतौर पर आज के दौर की महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो हर मौके के लिए अनुकूल, सहज और खूबसूरत दिखना चाहती हैं। मात्र रु 3499 की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध इस कलेक्शन में किफायती दाम पर फैशनेबल साड़ियां उपलब्ध हैं, जो अपने बेहतरीन डिजाइन एवं आकर्षण के साथ आपको अनूठा आत्मविश्वास देती हैं।

# मेहसी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ई-दुल-अजहा का पर्व




**मेहसी (पूर्वी चम्पारण), 29 मई (तरुणमित्र)।** मेहसी थाना क्षेत्र में गुरुवार को ईदुल अजहा (बकरीद) का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मिजार्पुर ईदगाह में करीब दस हजार से अधिक लोगों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद इमाम कारी जर्रार ने भारत सहित पूरी दुनिया में अमन, भाईचारा, इत्तेहाद, सलामती और तरक्की के लिए विशेष दुआ मांगी। वहीं दूसरी जमाअत में हाफिज इरशाद ने नमाज पढ़ाई। नमाज समाप्त होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके उपरांत लोगों ने सुन्नत-ए-इब्राहीमी का पालन करते हुए बकरों की कुबार्नी दी। मेहसी प्रखंड के ढरगावां, मैनमेहसी, बथना, हरपुर, सराय बनवारी, काजी चक, कोठिया हरिराम सहित विभिन्न ईदगाहों में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदुल अजहा की नमाज अदा कर मुल्क और मिल्लत की सलामती की दुआएं मांगी।नमाज के बाद जिन लोगों पर कुबार्नी वाजिब थी, उन्होंने अपने घरों में अल्लाह की राह में जानवरों की कुबार्नी दी तथा गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कुबार्नी का गोश्त वितरित किया।

इस अवसर पर मोहम्मद अखलाक, मास्टर शाहिद रजा, ताजुल हक, मौलाना कौसर अली, सूफी एहसान अली, हसीबुर रहमान, फैज अहमद, नसीम अहमद, रिजवान अहमद, लतीफुर रहमान, हाजी कारीमुल्लाह, अताउर रहमान, अबुल कलाम आजाद, अतीकुर्रहमान, सैरुल शाह, कलाम खान, मंसूर अली, रेहान रजा, मोहम्मद शहाबुद्दीन, जमील अहमद, हाजी मोईम, हाजी महबूब सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई मां–बेटी की मौत

**सीवान, 29 मई (तरुणमित्र)।** सीवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के गांधी आश्रम के समीप शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है। मृतकों की पहचान भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के हिलसड़ गांव निवासी आफताब आलम की 65 वर्षीय पत्नी हाजरा खातून तथा उनकी 20 वर्षीय पुत्री सफीना खातून के रूप में हुई है। वहीं घायलों में आफताब आलम का 28 वर्षीय पुत्र तारिक अनवर, गांव के गफ्फार अंसारी का 29 वर्षीय पुत्र आजाद अंसारी तथा स्कॉर्पियो चालक ब्रह्मस्थान निवासी पप्पू चौरसिया शामिल हैं। बताया जाता है कि हाजरा खातून की तबीयत खराब थी। परिजन उन्हें इलाज के लिए स्कॉर्पियो से सीवान सदर अस्पताल लेकर जा रहे थे। इसी दौरान बसंतपुर स्थित गांधी आश्रम के समीप वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बसंतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# प्रेम प्रसंग में हाईवोल्टेज ड्रामा : शादी की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती



**सीवान, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले के गोरेयाकोठी प्रखंड के बरहोगाकोठी गांव में शुक्रवार की सुबह प्रेम प्रसंग को लेकर उस समय हाईवोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया, जब एक युवती अचानक गांव स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती को टावर पर चढ़ा देख गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर जामो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतारा गया।

ग्रामीणों के अनुसार युवती गांव के ही एक युवक से प्रेम करती थी। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था, लेकिन शादी को लेकर युवक के परिजन तैयार नहीं थे। इसी बात से नाराज होकर युवती ने शुक्रवार की सुबह मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा शुरू कर दिया। युवती को टावर पर चढ़ते देख गांव में हड़कंप मच गया। लोग अनहोनी की आशंका से सहम गए।

कुछ ग्रामीण युवती को नीचे उतरने की अपील करते रहे, जबकि कई लोग घटना का वीडियो बनाने में जुटे रहे। सूचना मिलते ही जामो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से युवती को समझाने का प्रयास शुरू किया गया। करीब घंटों चले समझाने-बुझाने के बाद युवती नीचे उतरने को तैयार हुई। इसके बाद पुलिस ने सावधानी के साथ उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। घटना के दौरान पूरे गांव में तनावपूर्ण माहौल बना रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते युवती को नहीं समझाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं सूत्रों की मानें तो घटना के बाद युवक के परिजन घर बंद कर फरार हो गए हैं। पुलिस युवती को थाना ले जाकर पूछताछ कर रही है।

साथ ही पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मामला केवल प्रेम प्रसंग का है या इसके पीछे कोई और वजह भी है। घटना को लेकर पूरे इलाके में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

# राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे से हटाए जाएंगे अवैध अतिक्रमण, अनाधिकृत ढाबों और दुकानें

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**बेगूसराय , 29 मई (तरुणमित्र)।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाईवे सुरक्षा को लेकर दिए गए निदेशों के अनुपालन के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला राजमार्ग सुरक्षा टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे अवैध अतिक्रमण, अनाधिकृत ढाबों, दुकानों एवं अन्य अवैध संरचनाओं को चिन्हित कर निर्धारित समयसीमा के भीतर हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यात्रियों को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध हो। बैठक में हाईवे पर दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराने, ट्रकों एवं अन्य भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक लगाने तथा यातायात संचालन को सुचारु बनाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही हाईवे पेट्रोलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने, एम्बुलेंस एवं रिकवरी क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली के प्रभावी संचालन पर भी चर्चा की गई। डीएम द्वारा हाईवे सुरक्षा एवं निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए विशेष दलों का गठन किया गया है। गठित टीमों में मोटर वाहन निरीक्षक, ईएसआई तथा संबंधित थाना के थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। ये दल अपने-अपने आवंटित क्षेत्राधिकार के अंतर्गत राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। गठित टीमों की सतत निगरानी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा डीएसपी ट्रैफिक द्वारा की जाएगी, ताकि कार्रवाई की प्रभावशीलता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। साथ ही गठित दलों को प्रतिदिन की कृत कार्रवाई संबंधित प्रतिवेदन भी देने के लिए निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि हाईवे सुरक्षा से संबंधित सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ नियमित रूप से कार्य करें तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों की सतत समीक्षा की जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जा सके। बैठक में नगर आयुक्त नगर निगम, सिविल सर्जन बेगूसराय, जिला भू अर्जन पदाधिकारी बेगूसराय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेगूसराय सदर, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय, भूमि सुधार उप समाहर्ता बेगूसराय सहित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दस मिनट की बारिश ने खोली छपरा नगर निगम की पोल



**सारण, 29 मई (तरुणमित्र)।** बीते कई दिनों से जारी प्रचंड गर्मी और उमस के कारण छपरा शहर सहित पूरे जिले का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त था। सुबह जब जिले वासियों की आंखें खुलीं, तो आसमान में छाए बादलों और ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहाना बना दिया। झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिलते ही लोगों ने चैन की सांस तो ली, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। मौसम के बदलते ही शहरवासियों के सामने एक नई और परेशानी मुंह खोले खड़ी हो गई। महज 10 मिनट की हल्की बारिश ने छपरा नगर निगम के करोड़ों रुपये के विकास कार्यों और जलजमाव से मुक्ति के बड़े-बड़े दावों की हवा निकाल दी। बारिश रुकते ही शहर के मुख्य मार्गों से लेकर रिहायशी इलाकों की गलियां जलमग्न हो गईं। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर तैरने लगा, जिससे राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। जल निकासी की लचर व्यवस्था ने साफ कर दिया है कि मॉनसून से पहले की तैयारियों के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई थी। स्थानीय दुकानदार दिग्विजय सिंह का कहना है कि हर साल टैक्स देने के बावजूद उन्हें नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ता है। करोड़ों के बजट वाले नगर निगम की पोल खोलने के लिए इस बार महज 10 मिनट की छिटपुट बारिश ही काफी रही।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आगामी 6 जून को मेगा कृषि ऋण आउटरीच कैम्प का होगा आयोजन

**मोतिहारी, 29 मई (तरुणमित्र)।** अग्रणी जिला प्रबंधक, राजेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि पूर्वी चम्पारण जिला स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सभी 30 शाखाओं द्वारा आगामी 06 जून 2026 को मेगा कृषि ऋण आउटरीच कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कृषि से संबंधित विभिन्न ऋण योजनाओं यथा- किसान क्रेडिट कार्ड, SHG, गव्य विकास, मत्स्य, पशुपालन, मूर्गी पालन, ग्रामीण भंडारण, फूड प्रोसेसिंग, आदि के तहत ऋणों की स्वीकृति एवं संवितरण की जाएगी। इसके लिए कृषि कार्यों में लगे हुए किसानों, कृषि उद्यमियों, ग्रामीण व्यवसायों आदि से आग्रह है कि वे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के नजदीकी शाखा में यथाशीघ्र सम्पर्क कर अपनी जरूरत के अनुसार कृषि ऋण के लिए आवेदन दें एवं इन सभी योजनाओं का लाभ उठाएँ।

# घर के बाहर बैठी युवती पर ताबड़तोड़ फायरिंग, जांघ में लगी गोली

**सीवान, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले में दरौली थाना क्षेत्र के दोन बुजुर्ग गांव में गुरुवार की देर रात अपराधियों ने घर के बाहर बैठी एक युवती को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग से पूरे गांव में दहशत फैल गई। घायल युवती का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि पुलिस मामले की हर एंगल से जांच में जुट गई है। घायल युवती की पहचान स्वर्गीय आनंद बिहारी सिंह की 24 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि काजल अपनी मां के साथ रोज की तरह घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे और पिंटू पाण्डेय का घर पूछने लगे। काजल ने बताया कि गांव में इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता है। इसी बात के बाद दोनों युवकों ने अचानक हथियार निकाल लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।फायरिंग होते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए काजल अपनी मां के साथ घर की ओर भागी। घर के अंदर पहुंचने पर उसे महसूस हुआ कि उसके पैर के पास से खून बह रहा है। परिजन आनन-फानन में उसे गांव के एक निजी क्लिनिक ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांघ के पास गोली लगने की पुष्टि की। हालत गंभीर होने पर पुलिस की मदद से पहले दरौली स्वास्थ्य केंद्र और फिर सदर अस्पताल सीवान रेफर किया गया। घटना के बाद पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है।

## आंधी ने रोकी रेल की रफ्तार, पेड़ गिरने से ओएचई वायर टूटा, कई ट्रेनें डायवर्ट

**सीवान, 29 मई (तरुणमित्र)।** शुक्रवार की सुबह आई तेज आंधी और बारिश ने रेल परिचालन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। गोरखपुर-सीवान रेलखंड के गौरी बाजार के समीप रेल ट्रैक पर पेड़ गिरने से ओएचई वायर टूट गया, जिससे ट्रेनों का परिचालन बुरी तरह प्रभावित हो गया। रेल प्रशासन के अनुसार तकनीकी बाधा के कारण कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का रूट बदलना पड़ा। 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस, 15652 लोहित एक्सप्रेस, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल तथा 02564 नई दिल्ली-बरौनी ट्रेन को कप्तानगंज-थावे होते हुए सीवान मार्ग से डायवर्ट कर चलाया गया। तेज आंधी के चलते कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा, जिससे यात्री घंटों परेशान रहे। 15028 मौर्य एक्सप्रेस करीब साढ़े तीन घंटे, गोरखपुर-छपरा सवारी गाड़ी डेढ़ घंटे, 15034 पाटलिपुत्र एक्सप्रेस एक घंटे तथा 15566 वैशाली एक्सप्रेस लगभग एक घंटे विलंब से चली।


**NOTICE**

I Sudhir Kumar Tiwari S/o Sushil Kumar Tiwari R/o Bishnupura, Imadpur, Bhojpur, Bihar - 802222 , have changed my name to Sudhis Kumar

**NOTICE**

I Shiv Kumar S/o Virendra Sharma R/o Sri Krishna Nagar, Motihari, East Champaran, Bihar- 845401, have changed my name to Shiv Deep Sharma

**NOTICE**

I,Mukesh Kumar Srivastava S/o Krishndeo Narain Srivastava R/o Flat No- 202, Banshi Vihar Apparttment, Road No-3A/225, New Patliputra Colony, Phulwari, Patliputra, Phulwari Patna, Bihar- 800013, have changed my minor daughter's name from Mahika Mukesh aged 17 years to Ananya Raj forever


# भाजपा को मिला मजबूत संगठनकर्ता पवन जायसवाल बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**मोतिहारी,पू.च, 29 मई (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी द्वारा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष पवन जायसवाल को भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिले सहित पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। पार्टी कार्यकताओं और वैश्य समाज के लोगों ने इस मनोनयन को भाजपा संगठन के लिए मजबूत कदम बताया है। नेताओं का कहना है कि पवन जायसवाल लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने में उनकी अहम पहचान रही है। उनके अनुभव, संगठन क्षमता और कार्यशैली से भाजपा को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी। कार्यकताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी का जनाधार और अधिक मजबूत होगा तथा संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।इस अवसर पर भाजपा एवं वैश्य समाज से जुड़े कई नेताओं और कार्यकताओं ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पवन जायसवाल को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

# भारत स्काउट एवं गाइड के सर्वोच्च सम्मान 'राष्ट्रपति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया शिखा रानी




**बेगूसराय, 29 मई (तरुणमित्र)।** भारत स्काउट एवं गाइड के सर्वोच्च सम्मान 'राष्ट्रपति पुरस्कार' से सम्मानित बीहट की होनहार छात्रा शिखा रानी ने शुक्रवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। जिला पदाधिकारी ने शिखा रानी को उनकी उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि शिखा रानी ने अपनी मेहनत, अनुशासन एवं प्रतिभा के बल पर यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार और शिक्षण संस्थान, बल्कि पूरे बेगूसराय जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं एवं छात्र-छात्राओं के लिए शिखा रानी की उपलब्धि प्रेरणास्त्रोत है।उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्यालय एचएफसी बरौनी की पूर्व छात्रा एवं बीहट निवासी शिखा रानी को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड के सर्वोच्च सम्मान 'राष्ट्रपति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

## दो बाईक के टक्कर में इश्तियाक की हुई मौत

**राजपुर रोहतास, 29 मई (तरुणमित्र)।** प्रखण्ड के राजनडीह गांव में इद उल अजहा बकरीद पर्व की सारी खुशियां गत गुरुवार की शाम आठ बजे इश्तियाक अंसारी 31 वर्ष की मौत की खबर सुनते ही गम में तब्दील हो गई। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौप दिया। शुक्रवार को जुमे के नमाज के बाद गाव के इदगाह में दफन कर दिया गया। इश्तियाक का शव गांव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। मृतक इश्तियाक अंसारी के पिता रफीक अंसारी ने बताया कि इश्तियाक बकरीद का नमाज अदा कर गुरुवार को अपने बाइक संख्या बी आर 24 ए आर 7821 से नोखा थाना क्षेत्र बरांव किसी परिचित के घर गया था।वहा से शाम को गाव आ रहा था कि गोपाल पुर गांव के समीप बिक्रमगंज सासाराम पथ पर दो बाईक के आमने-सामने टक्कर में इश्तियाक गम्भीर रूप से घायल हो गया। नोखा पुलिस घायल को उपचार के लिए नोखा स्वास्थ्य केंद्र ले आई। जहा चिकित्सक मृत घोषित कर दिया।

## प्रभु भक्ति में डूबा मउडिहरा, भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**दिनारा रोहतास, 29 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड के मउडिहरा गांव में पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।वृंदावन-वाराणसी से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथावाचक भागवतमणि पूज्य पंडित विश्वकांताचार्य जी महाराज ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा है। जहां इसकी कथा होती है, वहां स्वयं भगवान नारायण देवताओं सहित विराजमान रहते हैं। कथावाचक ने महाभारत प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब धर्म पर संकट आया, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर सज्जनों की रक्षा की। उन्होंने दुर्योधन के अहंकार, श्रीकृष्ण की शांति-दूत की भूमिका तथा महाभारत युद्ध के विनाशकारी परिणामों का मार्मिक चित्रण किया। अश्वत्थामा द्वारा ब्रह्मास्त्र चलाने और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उत्तरा के गर्भ में पल रहे परीक्षित की रक्षा के प्रसंग पर पूरा पंडाल भावविभोर हो उठा। भगवान की करुणा का वर्णन करते हुए आचार्यश्री जब गा उठे–प्रभु जी रिझेल रिझावै ल कवन गुनवा सेड्ढ– तो श्रद्धालुओं ने जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया। कथा क्रम में राजा परीक्षित जन्मोत्सव, धैर्य, धर्म, आस्था और मयार्दा की महत्ता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। भक्त ध्रुव, मनु-शतरूपा, प्रियव्रत एवं देवहूति प्रसंग की संगीतमयी प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बेन्जो पर पिंटू जी एवं तबले पर बृजकिशोर जी की संगति ने कथा में भक्ति रस घोल दिया।अंत में अधर धर मुरली बजैया की, आरती कृष्ण कन्हैया की आरती के साथ दूसरे दिन की कथा सम्पन्न हुई।

# बरसात से पहले ही नवनिर्मित डेम में दरार

## निर्माण गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

**रोहतास, 29 मई (तरुणमित्र)।** रोहतास वन क्षेत्र के माथा एवं दियाडीह गांव के समीप स्थित हसुलिया ढोहर चेक डेम में बरसात शुरू होने से पहले ही फिर से दरार उभर आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित डेम का कार्य शुरू से ही निम्न स्तर का कराया गया, जिसका परिणाम है कि मरम्मत के बाद भी संरचना सुरक्षित नहीं रह सकी।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष बरसात के दौरान डेम का हिस्सा टूट गया था। इसके बाद विभाग द्वारा मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य कराया गया, लेकिन अब मानसून आने से पहले ही डेम की दीवार में लंबी दरार दिखाई देने लगी है। इससे क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है कि तेज बारिश और पहाड़ी पानी के दबाव में एक बार फिर डेम क्षतिग्रस्त हो सकता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि कटाव रोकने के लिए डेम के किनारे जो पत्थर लगाए गए हैं, वे काफी छोटे आकार के हैं। तकनीकी मानकों के अनुसार बड़े एवं मजबूत बोल्डर लगाए जाने चाहिए थे, ताकि तेज बहाव के दौरान मिट्टी और किनारों का कटाव रोका जा सके। लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा छोटे पत्थरों का उपयोग कर केवल खानापूर्ति की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं हुई तो बरसात में डेम को भारी नुकसान हो सकता है।ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वन्यजीवों एवं जल संरक्षण के उद्देश्य से बनाए गए इस डेम पर सरकार ने लाखों रुपये खर्च किए, लेकिन निर्माण की स्थिति देखकर सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने तथा दोषी एजेंसी और संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है।इधर मामले में रोहतास वन रेंजर चौहान शशि भूषण सिन्हा ने बताया कि उन्हें डेम में दरार आने की जानकारी नहीं थी।

### डिप्टी सीएम से मुलाकात कर क्षेत्र की बदहाल नहरों के रिस्टोरेशन का मुद्दा किरण ने उठाया

**बिक्रमगंज / रोहतास, 29 मई (तरुणमित्र)** खेतों तक पानी पहुंचाने और किसानों को सिंचाई संकट से राहत दिलाने को लेकर भाजपा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किरण प्रभाकर ने जोरदार पहल की है। उन्होंने जल संसाधन विभाग पहुंचकर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी से मुलाकात कर बिक्रमगंज क्षेत्र की बदहाल नहरों के रिस्टोरेशन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।इस दौरान किरण प्रभाकर ने विशेष रूप से बिक्रमगंज कैनाल केसठ (1) नहर की दयनीय स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों से उपेक्षित पड़ी नहरों के कारण किसानों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रज्ञा प्रवाह रोहतास विभाग के कार्यशाला में शामिल हुए बुद्धिजीवी

**बिक्रमगंज , 29 मई (तरुणमित्र)।** वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर में प्रज्ञा प्रवाह रोहतास विभाग के तरफ से एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संयुक्त रूप से क्षेत्र संयोजक श्रीमान देवव्रत प्रसाद, प्रांत सह संयोजक विमर्श आयाम मिथिलेश राय तथा डॉ अरुण कुमार विभाग संयोजक ने दीप प्रज्वलित कर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जिसके बाद नित्यानंद मिश्रा तथा उनके पुत्रों द्वारा बहुत ही सुंदर भजन की प्रस्तुति दी गई। जिससे कार्यशाला में उपस्थित लोग आनंदित हो उठे। कार्यशाला में कैमूर, रोहतास, अरुणनगर (औरंगाबाद) तथा बिक्रमगंज जिला के सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लिए। प्रथम सत्र में सभी का परिचय तथा प्रज्ञा प्रवाह के विभिन्न आयामों के बारे में बताया गया। दूसरे सत्र में विषय आधारित अध्ययन केंद्र जिसमें समज से समाज तथा राष्ट्र की चर्चा की गई। तृतीय सत्र में जनसंख्या असंतुलन के कारण और उससे उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। चौथ और अंतिम सत्र में आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। जिसमें पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक करना, पर्यावरण पर संगोष्ठी, प्रतियोगिता, चित्रांकन, पेड़ पौधे को कटाई से रोकने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की योजना बनाई गई। जुलाई के अंत में पर्यावरण से संबंधित बड़े कार्यक्रम करने की भी योजना बनाई गई। इसके बाद जिज्ञासा समाधान और आशीर्वचन क्षेत्र संयोजक श्रीमान देवव्रत प्रसाद के द्वारा किया गया। अंत में कल्याण मंत्र कर कार्यशाला को समाप्त किया गया। इस अवसर पर डॉ दिलीप कुमार, डॉ रविन्द्र सिंह, शशिकांत चौबे, बूट्स तिवारी, सुधीर मिश्रा, रामनरेश पाण्डेय, रंजन तिवारी, मंजीत सिंह, जय प्रकाश सिंह, डॉ वीर बहादुर सिंह, श्री संतोष सिंह, नित्यानंद मिश्रा, प्रतिम तिवारी, प्रदीप, सत्यम और सुंदरम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस कार्यशाला में बहुत ही सारगर्भित चर्चा हुई।

### गैस एजेंसी की जांच अनियमितताओं पर सख्त हुए एसडीओ

**नोखा (रोहतास) , 29 मई (तरुणमित्र)** ।लगातार मिल रही शिकायतों के बाद शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) ने पश्चिम पट्टी स्थित अभय इंडेन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एजेंसी कार्यालय और गोदाम की व्यवस्था की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने गैस वितरण व्यवस्था, उपभोक्ताओं से ली जा रही राशि तथा होम डिलीवरी व्यवस्था का जायजा लिया ।जांच के दौरान एसडीओ ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर निर्धारित दर 980 रुपये में उपलब्ध कराया जाना है, लेकिन शिकायत मिल रही थी कि उपभोक्ताओं से 1000 रुपये से अधिक राशि वसूली जा रही है। इसी शिकायत के आधार पर जांच की गई। हालांकि मौके पर किसी उपभोक्ता ने प्रत्यक्ष रूप से इसकी पुष्टि नहीं की, फिर भी अधिकारियों ने मामले को गंभीर मानते हुए एजेंसी संचालक को निर्धारित दर से अधिक राशि नहीं लेने का सख्त निर्देश दिया ।एसडीओ ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि कुछ गैस कनेक्शन पति-पत्नी दोनों के नाम पर संचालित हैं और ऐसे कनेक्शनों का दुरुपयोग कर कालाबाजारी किए जाने की आशंका है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जांच कर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी ।निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ता स्वयं एजेंसी पहुंचकर गैस सिलेंडर लेते पाए गए। इस पर एसडीओ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को घर तक गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित करना एजेंसी की जिम्मेदारी है। उन्होंने एजेंसी संचालक को व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े ।एसडीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में दोबारा शिकायत मिलने अथवा जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी एजेंसी के खिलाफ शिकायतों की जांच के बाद जुमार्ना लगाया जा चुका है ।जांच के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री शेफाली, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सुजीत कुमार, श्रम अधिकारी रोहित कुमार, नोखा थाना अध्यक्ष, नगर परिषद प्रबंधक प्रवीण कुमार ओझा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में रोहतास के काराकाट प्रखंड की दो पंचायतों का चयन

**काराकाट /रोहतास , 29 मई (तरुणमित्र)।** जिले के काराकाट प्रखंड की चिकसिल पंचायत और काराकाट पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्थान, पटना द्वारा जारी पत्र के अनुसार नई दिल्ली में 3 जून 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में इन पंचायतों के प्रतिनिधियों को शामिल होने के लिए चयनित किया गया है। जारी सूची के अनुसार ह्लश्रेणी में काराकाट प्रखंड की काराकाट पंचायत से मुखिया योगेंद्र सिंह और चिकसिल पंचायत से मुखिया सिधारी रजवार को आमंत्रित किया गया है। हालांकि चिकसिल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह ही है। दोनों पंचायतों ने पंचायत स्तर पर बेहतर कार्य और प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की है। पत्र में बताया गया है कि राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा, जहां देशभर की उत्कृष्ट पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। बिहार से चयनित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नामित किया गया है। काराकाट क्षेत्र के लिए यह गौरव की बात मानी जा रही है।

### दिनारा नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति चुनाव आज, बढ़ी राजनीतिक हलचल

**दिनारा रोहतास, 29 मई (तरुणमित्र)।** नगर पंचायत दिनारा की सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर स्थानीय राजनीति में सरगर्मी तेज हो गई है। समिति के चुनाव की प्रक्रिया 30 मई को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न होगी। जिला प्रशासन ने मतदान का समय सुबह 8 बजे निर्धारित किया है। चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन हेतु डीसीएलआर संतोष कुमार को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं बीडीओ कुलदीप कुमार विभूति, डीसीओ गौतम कुमार एवं एलईओ बब्लू कुमार को भी चुनाव कार्य में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## रोहिणी नक्षत्र में शुरू करें धान की नर्सरी बेहतर होगी पैदावार : डॉ. धनंजय

**सासाराम, 29 मई (तरुणमित्र)।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, सासाराम के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के शस्य विज्ञान विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक सह-प्रभारी फसल प्रक्षेत्र डॉ. धनंजय तिवारी ने बताया, रोहिणी नक्षत्र धान की नर्सरी (बिचड़ा) डालने के लिए सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। रोहिणी नक्षत्र को खरीफ खेती विशेषकर लम्बी अवधी के धान की प्रजाति की बुआई एवं नर्सरी तैयार करने के लिए अनुकूल माना जाता है। इस समय मौसम में गर्मी एवं नमी बढ़ने लगती है, जो धान के बीज अंकुरण और पौध वृद्धि के लिए उपयुक्त रहती है। किसानों के लिए यह समय धान की उन्नत खेती की नींव रखने जैसा है। किसान भाई इस समय धान की नर्सरी तैयार कर अच्छी एवं स्वस्थ पौध प्राप्त कर सकते हैं। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार भी रोहिणी नक्षत्र को कृषि एवं हरियाली का प्रतीक माना गया है। इस समय वातावरण में नमी बढ़ने लगती है तथा प्री-मानसून वर्षा की शुरूआत होने से खेतों में पर्याप्त आर्दता उपलब्ध रहती है। यही कारण है कि इस अवधि में बोए गए धान के बीज तेजी से एवं समान रूप से अंकुरित होते हैं। इसके साथ ही वातावरण में नमी अधिक रहने से बीजों में अंकुरण क्षमता बढ़ती है और पौध मजबूत बनती है। इस समय तैयार की गई नर्सरी में पौधों की जड़ें अच्छी विकसित होती हैं तथा बाद में मुख्य खेत में रोपाई करने पर पौधे जल्दी स्थापित हो जाते हैं।

रोहिणी नक्षत्र में नर्सरी तैयार करने का एक बड़ा लाभ यह भी है कि समय पर पौध तैयार होने से किसानों को मानसून की पहली अच्छी वर्षा के साथ रोपाई करने का अवसर मिल जाता है और पौधे को विकसित होने का भी पर्याप्त समय मिलता है। इससे फसल की बढ़वार बेहतर होती है और उत्पादन में वृद्धि की संभावना रहती है। किसानों को सलाह दी जाती है कि नर्सरी के लिए ऊँची एवं समतल भूमि का चयन करना चाहिए, जहाँ जल निकास की उचित व्यवस्था हो। खेत की अच्छी तरह जुताई करने के बाद सड़ी हुई गोबर की खाद मिलाना चाहिए साथ ही नर्सरी में उन्नत एवं प्रमाणित धान के बीजों का ही उपयोग करना चाहिए। अगर बीज की मात्रा की बात करे तो 2.5 से 3 किलोग्राम बीज एक बीघा में रोपने के लिए पर्याप्त होता है । हालाँकि बीज में जमाव प्रतिशत कम है, तो किसान भाई 4 से 4.5 किलो बीज प्रति बीघा की दर से बिचड़ा के लिए प्रयोग कर सकते है। किसान भाइयो को बीज बोने से पहले 1 लीटर पानी में 10-20 ग्राम नमक के पानी में भिगो देना चाहिए, जिससे हल्के और खराब बीज अलग हो जाये इसके बाद बीज को पानी से छानकर जूट के बोरियो से 15 से 20 घंटे के लिए ढक देना चाहिए और बीज अंकुरित होने के बाद ही बुवाई करना चाहिए। बीज बुवाई के समय खेत की सतह पर पानी होना आवश्यक है और उसके बाद भी तापमान अधिक होने के कारण खेतों में पर्याप्त नमी बनाये रखे।

## नोखा नगर परिषद की स्थायी समिति का गठन, तीन सदस्य निर्वाचित

**नोखा, 29 मई (तरुणमित्र)।** नोखा नगर परिषद की स्थायी समिति के गठन को लेकर शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया सासाराम अनुमंडल पदाधिकारी नेहा कुमारी की देखरेख में शांतिपूर्ण वातावरण में पूरी की गई। इस दौरान वार्ड पार्षदों की बैठक आयोजित कर स्थायी समिति के तीन सदस्यों का निर्वाचन किया गया ।चुनाव में मनोज यादव, प्रमोद कुमार एवं नेमा खातून को स्थायी समिति का सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया। तीनों सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन होने के बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समर्थकों ने उन्हें बधाई दी तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं ।जानकारी के अनुसार नोखा नगर परिषद में कुल 25 वार्ड पार्षदों का प्रावधान है, लेकिन एक पद रिक्त रहने के कारण वर्तमान में 24 वार्ड पार्षद सदस्य हैं। स्थायी समिति के चुनाव को लेकर सभी पार्षदों को बैठक में शामिल होने के लिए सूचना भेजी गई थी। बैठक में कुल 13 वार्ड पार्षद उपस्थित हुए और सभी ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया।

## वैश्विक माहवारी स्वच्छता दिवस के पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**काराकाट / रोहतास, 29 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के जयश्री स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वैश्विक माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम विद्यालय की वार्डन गुड़िया पांडेय की उपस्थिति में संपन्न हुआ,जिसमें छात्राओं एवं किशोरियों को माहवारी स्वच्छता,स्वास्थ्य सुरक्षा और आत्मसम्मान से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम के दौरान वार्डन गुड़िया पांडेय ने कहा कि माहवारी महिलाओं एवं किशोरियों के जीवन की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है,लेकिन जागरूकता के अभाव में आज भी कई लड़कियां इसे लेकर संकोच और भ्रम का सामना करती हैं । उन्होंने कहा कि समाज में फैली गलत धारणाओं को खत्म कर माहवारी को सामान्य स्वास्थ्य विषय के रूप में स्वीकार करने की जरूरत है ।उन्होंने छात्राओं को माहवारी के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने,सैनिटरी पैड का सही तरीके से उपयोग करने, समय-समय पर पैड बदलने तथा पौष्टिक भोजन लेने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी । साथ ही किशोरियों को यह भी बताया गया कि स्वच्छता में लापरवाही बरतने से संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं । कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए माहवारी से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे,जिनका जवाब सरल एवं सहज तरीके से दिया गया । इस दौरान किशोरियों को मानसिक रूप से मजबूत रहने,झिझक छोड़कर खुलकर बात करने और किसी भी परेशानी में शिक्षकों एवं अभिभावकों से सलाह लेने के लिए प्रेरित किया गया । विद्यालय परिसर में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा ।

## बकरीद पर जदयू ने दिया अमन चैन मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम

**पत्रकार नगर,खगड़िया, 29 मई (तरुणमित्र)।** पवित्र ईद उल अजहार (बकरीद) पर्व के मौके पर जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा, राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य नीलम वर्मा,जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, जिला उपाध्यक्ष अनिल जयसवाल, जदयू युवा जिलाध्यक्ष सावन कुमार बंटी, विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र महतो एवं जिला महासचिव राजीव रंजन ने माड़र, खगड़िया शहर के नाला रोड, थाना रोड एवं मुर्गियाचक क्षेत्र का दौरा कर पार्टी के अल्पसंख्यक पदाधिकारियों एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्रमशः शहाब उद्दीन,नगर परिषद उप सभापति शबनम जवीन, बिससूत्री सदस्य फिरदोस आलम, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रूस्तम अली,मो0 गनी,ईं0 सैफ उद्दीन,मो0 कैफ उद्दीन,हाजी मो0 नुर आलम, सुफियान आलम,आबिद रहमानी,मेराज हुसैन अरसद हुसैन,मो0 इस्राफील एवं मो0 इबरार आलम सहित अन्य लोगों से मिलकर उन्हें ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद पेश की ।जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि बकरीद त्याग, कुबार्नी, इंसानियत, रहमत और आपसी भाईचारे का पाक त्योहार है, जो समाज को मोहब्बत, इंसानी हमदर्दी और आपसी एकता का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी प्रेम, अमन-चैन और सौहार्द की रिवायत को मजबूत करते हुए गंगा-जमुनी तहजीब और भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को कायम रखें।

## डीएम व एसडीएम ने सुनी जनता की फरियाद,निष्पादन के दिये निर्देश

**सासाराम, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिला पदाधिकारी, रोहतास के द्वारा 'सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ।जनता दरबार में कुल पांच आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। इस दौरान ग्राम सुसाड़ी, थाना-संझौली निवासी श्रीमती देवन्ती देवी ने भूमि से जबरन बेदखल किए जाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने उक्त आवेदन को अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज को शीघ्र निष्पादन हेतु



अग्रसारित किया ।वहीं श्री राजेन्द्र कुमार चौधरी, श्री रामनाथ चौधरी एवं श्री बिहारी चौधरी द्वारा सहायक निबंधक सहयोग समिति, सासाराम से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में डिहरी मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, डिहरी के सदस्यों द्वारा सदस्यता एवं शेयर राशि जमा नहीं किए जाने तथा लहेरी पैक्स का मुख्यालय लहेरी में मतदान केन्द्र निर्धारित करने से संबंधित विषय उठाया गया। जिला पदाधिकारी ने मामले की अविलंब जांच कर नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आवेदन को जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास को भेजते हुए आवश्यक निर्देश दिए ।इसके अतिरिक्त श्री सत्यनारायण साह, राजस्व कर्मचारी द्वारा विभागीय कार्रवाई की जांच कर दोषमुक्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस संबंध में जिला पदाधिकारी ने स्थापना उप समाहर्ता, रोहतास को मामले का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ।बिक्रमगंज/ रोहतास : अनुमंडल कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को ह्लसबका सम्मान, जीवन आसानह्व योजना तहत आयोजित जनता दरबार में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई । जनता दरबार की अध्यक्षता एसडीएम प्रभात कुमार ने की । इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित 17, राशन कार्ड से जुड़े 14 तथा अन्य 11 मामलों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया । जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा,जिस पर एसडीएम ने गंभीरता दिखाते हुए कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए । भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मियों व अंचल अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र समाधान करने का आदेश दिया गया । वहीं राशन कार्ड से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया । एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े ।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सीमांचल पहुंची संकल्प-सह-जनजागरण यात्रा, अररिया में शिक्षकों ने भरी हुंकार

**पत्रकार नगर, खगड़िया , 29 मई (तरुणमित्र)** ।अररिया में पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर निकली संकल्प सह जनजागरण यात्रा सीमांचल दौरे के क्रम में अररिया जिले के फारबिसगंज पहुंची, जहां शिक्षकों एवं विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों ने जोरदार समर्थन देते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग को बुलंद किया। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार प्रदेश के बैनर तले आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मी शामिल हुए। संकल्प-सह-जनजागरण यात्रा का नेतृत्व प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार, प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अशोक कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। फारबिसगंज में आयोजित सभा के बाद यह यात्रा लालजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रानीगंज पहुंची, जहां भी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। यात्रा के दौरान वक्ताओं ने पुरानी पेंशन योजना को कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए सरकार से इसे शीघ्र लागू करने की मांग की। उपस्थित शिक्षकों एवं



कर्मियों ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के सम्मानजनक भविष्य की गारंटी है।

प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार ने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य के साथ अन्याय है। पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है और इसे लागू कराने तक संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य राज्य के हर जिले में जाकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों को एकजुट करना है। प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन केवल आर्थिक सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि कर्मचारियों के सम्मान और आत्मविश्वास से भी जुड़ा मुद्दा है।

सरकार को कर्मचारियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र में शिक्षकों एवं कर्मचारियों का जिस प्रकार व्यापक समर्थन मिल रहा है, उससे स्पष्ट है कि पुरानी पेंशन बहाली अब जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। यह यात्रा कर्मचारियों की आवाज को सरकार तक मजबूती से पहुंचाने का कार्य करेगी ।प्रदेश महासचिव अशोक कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के बुढ़ापे की सुरक्षा की गारंटी थी, जिसे समाप्त कर कर्मचारियों को असुरक्षा की स्थिति में धकेल दिया गया है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मियों से एकजुट होकर आंदोलन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया ।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग दोहराई तथा आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवेज अहमद, मोहम्मद मोबीन, माहेनिगार सुल्तान, खजराना खातून, सोनी कुमारी, रहिना, राहुल कुमार, हर्षित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विमल कुमार, मनीष कुमार, रेवती रमण, वैभव कुमार, रौजीत कुमार, मोहन कुमार, प्रमिला कुमारी, शारदा कुमारी, नवरंग कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रशासन की उदासीनता से भूमि हड़पो अभियान के नायकों ने कब्जा जमाने का किया प्रयास

**विक्रमगंज, 29 मई (तरुणमित्र)** ।अंचल बिक्रमगंज के मौजा रेडिया के खाता संख्या 187,प्लॉट नंबर 1545 रकवा दो डिसमिल रास्ता लेकर तीन डिसमिल भूमि पर फर्जी कागजात के बुनियाद पर भूमि हड़पो अभियान के नायकों ने जबरन वो रंगदारी पूर्वक चहारदीवारी तोड़कर दखल कब्जा जमाने का प्रयास किया गया ।हालांकि इसमें दबंग कामयाब नहीं हो पाए। लेकिन इस मामले में रोचक तथ्य यह रहा कि हिंदी दैनिक तरुणमित्र में ₹मुकदमा लंबित होने के बाद विपक्षी बना अवैध दखल कब्जा की योजना₹ शीर्षक से खबर गुरुवार को प्रकाशित हुई थी ।जिसको भूस्वामी ने जिले के वरीय अधिकारियों समेत स्थानीय पदाधिकारियों के वाट शॉप समेत विभिन्न पब्लिक प्रशासनिक ग्रुपों में प्रसारित किया गया था ।तत्पश्चात विपक्षी ओर आवेश में आ गए तथा कानूनी करवाई से बेपरवाह होकर अवैध कब्जा जमाने के नीयत से चहारदीवारी को तोड़कर अंदर



प्रवेश कर ईट बालू रखना शुरू कर दिया ।जिसकी सूचना पीड़ित पक्षकार और भूस्वामी ने जिले के वरीय पदाधिकारी समेत स्थानीय पुलिस वो प्रशासन को सूचना दिया गया। लेकिन आरोप है कि अंचलाधिकारी को सूचना के उपरांत निरंतर उदासीन बनी रही और टालमटोल करती रही ।जिसके बाद पीड़ित भूस्वामी ने जिलाधिकारी को पूरे मामले से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाया ।डीएम के हस्तक्षेप के घंटों बाद स्थानीय प्रशासन हरकत में आया और घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल कर अवैध दखल कब्जा करने की नियत से जुटे दबंगों को हटाया ।बताया जाता है कि विपक्षियों के खिलाफ फजीर्वाड़ा से संबंधित एक फौजदारी मुकदमा न्यायालय में लंबित है और सभी विपक्षी जमानत पर हैं ।हालांकि इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने विवादित भूमि पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर धारा 144 की करवाई सुनिश्चित किया गया है ।जबकि रंगदारी पूर्वक दिन दहाड़े चहारदीवारी तोड़ने आदि का आरोप में पीड़िता स्वाति सिंह ने स्थानीय पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित



**संत कबीर नगर , 29 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतकों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति से अगवत कराया गया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ एवं चिकित्सा सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न बरती जाए ।

, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति( शासी निकाय) के पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी। बैठक में वर्तमान समय में हीट वेव/लू से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा समस्त चिकित्साधिकारियों को आवश्यक संसाधनों, दवाओं आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रखने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में संस्थागत प्रसव का आंकड़ा घटने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया शत प्रतिशत प्राइवेट एवं घरेलू प्रसव की ट्रैकिंग करायें एवं संस्थागत प्रसव बढ़ाये जाने हेतु प्रभावी रणनीति बनायें। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थी भुगतान शत प्रतिशत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बाल मृत्यु की रिपोर्टिंग एमपीसी डीएसआर पोर्टल पर कम होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा बघौली, बेलहरकला, नाथनगर, मेंहदावल, सांथा व पौली के बीसीपीएम को स्पष्टीकरण जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा के दौरान एचबीएनसी एवं एचबीवाईसी कार्यक्रम में मेंहदावल एवं सांथा ब्लॉक की उपलब्धि कम होने के कारण जिलाधिकारी ने संबंधित अधीक्षक को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के व्यवस्थित संचालन, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों जैसे-आशा एवं ए0एन0एम0 की कार्य प्रणाली, संस्थागत प्रसव, आभा आई0डी0, आशाओं का भुगतान आदि से सम्बंधित समस्त चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जितनी भी सेवाओं/योजनाओं का संबंध ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों (आशा/एएनएम) से है उसकी समीक्षा अनिवार्य रूप से सम्बंधित चिकित्साधिकारीगण एक-एक आशा/एएनएम के सापेक्ष सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं/कार्यक्रमों के संचालन एवं आउटपुट की सतर्क मॉनीटरिंग भी की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्साधिकारी अपने चिकित्सालयों में मरीजों के उचित देखभाल से संबंधित बेसिक सुविधाओं जैसे-बैठने की व्यवस्था, पानी, शौचालय, व्हीलचेयर सहित अन्य चिकित्सीय उपकरणों आदि के सुचारू संचालन सुनिश्चित रखें। जिलाधिकारी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जिला क्षय रोग समिति, संचारी रोग, रेवीज टीकाकरण, स्नेक बाइट वैक्सीन की उपलब्धता, चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता सहित मरीजों के हित में स्वास्थ्य संबंधित उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं/सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

# किसानों के हित में गेहूं खरीद मूल्य बढ़ाने की मांग

## पूर्व सांसद डॉ. चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



बांसी सिद्धार्थ नगर।संत कबीर नगर के पूर्व सांसद डॉ० चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर किसानों के हित में गेहूं के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार किसानों से गेहूं की खरीद 2585 प्रति क्विंटल की दर से कर रही है, जबकि मध्य प्रदेश सरकार अपने किसानों से ?2625 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद रही है।

ऐसे में उत्तर प्रदेश के किसानों को भी कम से कम समान दर पर भुगतान किया जाना चाहिए। डॉ० त्रिपाठी ने अपने पत्र में कहा कि किसानों को फसल उत्पादन के दौरान अनेक कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सिंचाई, खाद, बीज, डीजल और मजदूरी की बढ़ती लागत के साथ-साथ नीलगाय, बंदर, सूअर एवं छुट्टा पशुओं से फसलों को भारी नुकसान होता है। इसके अतिरिक्त सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, आगजनी और भारी वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाएं किसानों की समस्याओं को और बढ़ा देती हैं।उन्होंने कहा कि देश का पेट भरने वाला किसान यदि स्वयं आर्थिक तंगी और परेशानियों से जूझे तथा आत्महत्या करने को विवश हो जाए, तो यह कृषि प्रधान देश के लिए अत्यंत दुखद और चिंताजनक स्थिति है।किसानों की मेहनत और योगदान का सम्मान करते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना आवश्यक है। पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाकर कम से कम ?2625 प्रति क्विंटल निर्धारित करे तथा किसानों के भुगतान की समुचित और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करे।

डॉ० चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने यह भी मांग की कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करने वाली संस्था सी.ए.सी.पी. में किसानों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए, ताकि किसानों के हितों और समस्याओं को सही तरीके से समझकर निर्णय लिया जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री महोदय किसानों के हितैषी हैं और इस विषय पर विशेष ध्यान देते हुए सकारात्मक निर्णय अवश्य लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी विद्यालय के प्रबंधक की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**छितौनी, कुशीनगर, 29 मई (तरुणमित्र)।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के तीनबरदहा बांध पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक निजी विद्यालय के प्रबंधक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है नगर पंचायत छितौनी स्थित समाज कल्याण प्राथमिक विद्यालय के प्रबंधक गिरजेश मिश्रा (45) पुत्र वीरेंद्र मिश्रा बुधवार को जटहा बाजार स्थित गैस एजेंसी पर केवाईसी कराने बाइक से गए थे। देर शाम वह छितौनी-कटाई भरपुरवा बांध मार्ग से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तीनबरदहा गांव के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।हादसे में गंभीर रूप से घायल गिरजेश मिश्रा को राहगीरों ने डायल 108 एंबुलेंस की मदद से पीएचसी नेबुआ नौरंगिया पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### 544 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर फरार

**देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)।** जनपद में अपराध एवं शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना श्रीरामपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक स्कॉर्पियो वाहन से बिहार ले जायी जा रही 63 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब की कुल मात्रा 544 लीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 4 लाख 11 हजार रुपये है। श्रीरामपुर पुलिस द्वारा शुक्रवार सुबह संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्कॉर्पियो वाहन से अवैध शराब बिहार ले जायी जा रही है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के टोला अहिबरन राय के पास घेराबंदी कर वाहन संख्या बी आर 01पी के 3321 को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। तलाशी लेने पर वाहन से 63 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ऑफिसर च्वाइस बरामद हुई।पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को कब्जे में लेते हुए श्रीरामपुर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। फरार अभियुक्त की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आशीष राय एवं हेड कांस्टेबल पुनित यादव शामिल रहे। क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अवैध कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम व एएसपी ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया निरीक्षण

**संत कबीर नगर , 29 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हास्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई, तत्पश्चात कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए संबंधित जेल अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं, दवाई इत्यादि के बारे में जानकारी की गई। बैरकों की नियमित तलाशी के लिए निर्देशित किया गया। अधिकारीद्वय द्वारा सभी कारागार कर्मियों को सख्त हिदायत दी गई कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (फ्ऱएळक) संत कबीर नगर द्वारा आज जिला कारागार खलीलाबाद में मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिसमें जेलर राकेश कुमार वर्मा, उपकारापाल नयन कमल सिंह, हरकेश गौड़, वरिष्ठ अध्यापक सतीश यादव तथा डिप्टी जेलर स्वाती यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान फ्ऱएळक निदेशक विनोद कुमार राव ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बंदियों को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इस प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को मशरूम कल्टीवेशन की आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उन्हें बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन, डिजिटल फ्रॉड एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जागरूक किया जाएगा, जिससे वे भविष्य में सुरक्षित एवं जागरूक सकें।

# डीएम ने ईवीएम गोदाम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी



**गाजीपुर , 29 मई (तरुणमित्र)।** मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी जिलाधिकारी आलोक कुमार ने आज जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम गोदाम का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव, अभिलेखों के संधारण तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की।प्रभारी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए तथा निर्धारित निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गोदाम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन उपकरणों तथा प्रवेश-निकास रजिस्टर की भी जांच की और सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) वेद सिंह चौहान एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी देवी प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने गोदाम की वर्तमान स्थिति एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्रभारी जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

## जनता दर्शन में आवास निर्माण की बाधा दूर कराने को डीएम का निर्देश

**देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन में नगर पंचायत भलुअनी के जरार वार्ड नंबर-5 निवासी कालिंदी देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण में बाधा उत्पन्न किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य रुकवाया जा रहा है। मामले की गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर पंचायत भलुअनी के अधिशासी अधिकारी से बात कर मौके पर पहुंचकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान फरियादिनी के पुत्र अनिल यादव से जिलाधिकारी ने पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। अनिल ने बताया कि हाईस्कूल के बाद आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उसकी पढ़ाई छूट गई।

# महिला सुरक्षा के उद्देश्य से पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**संत कबीर नगर, 29 मई (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर किया गया जागरुक । इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई ।

कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया ।

# किसान हितों के वास्तविक पैरोकार थे चौधरी चरण सिंह : चंद्रभूषण

**देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के वास्तविक मसीहा ने पिछड़ों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता ने रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित चौधरी चरण सिंह के स्मृति दिवस कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए सदैव किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा। सपा नेता ने कहा कि चौधरी साहब ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए पटवारी राज समाप्त करने तथा किसानों का लगान माफ करने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए। वहीं प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किए। चंद्रभूषण ने चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वह सिद्धांतवादी राजनीति के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब जैसा नेता विरले ही देखने को मिलता है, जो चुनाव प्रचार के दौरान मंच से यह कह सके कि यदि उनका उम्मीदवार झूठ बोलकर टिकट लिया हो और वह चोर, बेईमान अथवा अपराधी हो तो जनता उसे वोट न दे और हरा दे।कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सुरेश नारायण सिंह, लोरिक यादव, श्यामराज कन्नौजिया, उत्तिम यादव, रामप्यारे यादव, अयोध्या वर्मा, शंकर गोंड, लोरिक गोंड, मोतीलाल सिंह, जंगी गोंड, सतेंद्र यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, संतोष मद्धेशिया एवं गुलाब जायसवाल सहित कई सपाई उपस्थित रहे।

# डीएम की सख्ती: पीएचसी भाटपाररानी में अनुपस्थित मिले स्वास्थ्यकर्मी



**देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी ने शुक्रवार को बारिश के बीच भाटपाररानी तहसील क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, उपस्थिति तथा छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी सुबह लगभग 8:03 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने उपस्थिति पंजिका, दवा वितरण रजिस्टर, वार्ड, ओपीडी एवं अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा मरीजों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकांश स्वास्थ्य एवं संविदा कर्मी अनुपस्थित पाए गए, जबकि आरबीएसके टीम भी मौके पर मौजूद नहीं मिली। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को चेतावनी दिया कि अगली बार निरीक्षण में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी दौरान एक गर्भवती महिला प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची थी। उसके साथ मौजूद आशा कार्यकर्ता द्वारा प्रस्तुत मदर-चाइल्ड प्रोटेक्शन (एमसीपी) कार्ड अधूरा पाया गया। जिलाधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि आशा कार्यकताओं को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है ।

अथवा उनकी नियमित मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि अनुपस्थित कर्मियों से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण लिया जाए तथा नोडल अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रभावी अनुश्रवण कराया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर पठन-पाठन एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा नामांकन के सापेक्ष छात्राओं की उपस्थिति बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में नियमित रूप से अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की जाए, ताकि अभिभावकों को शिक्षा के महत्व एवं शासन की योजनाओं की जानकारी मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से सवाल पूछकर पठन-पाठन की गुणवत्ता भी परखी। विद्यालय के शौचालयों में लगी टाइल्स क्षतिग्रस्त एवं टूटी मिलीं, जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

# महोबा घटना को लेकर कांग्रेस का सरकार पर हमला




**देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने महोबा की दलित छात्रा के साथ हुई अमानवीय घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महोबा में एक दलित छात्रा का अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया तथा उसके साथ दुष्कर्म एवं अमानवीय व्यवहार किया गया, लेकिन सरकार का कोई भी प्रतिनिधि पीड़िता का दुख साझा करने उसके घर तक नहीं पहुंचा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहे थे, तब उन्हें रोकने का हरसंभव प्रयास किया गया। इसके बावजूद वे पीड़िता के घर पहुंचे और परिवार का दुख साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कांग्रेस नेताओं की संवेदनशीलता से घबरा गई है और उसी के तहत प्रदेशभर में भाजपा कार्यकताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन कराए जा रहे हैं।प्रेस वार्ता के दौरान विजय शेखर ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार एवं दमनकारी नीतियों के सहारे जनता का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार जनता के सवाल उठा रही है, जिससे सरकार बौखलाई हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है तथा सड़कों, अस्पतालों, मनरेगा एवं विभिन्न योजनाओं में व्यापक अनियमितताएं हो रही हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है तो अपने मंत्रियों एवं विधायकों की संपत्तियों की भी निष्पक्ष जांच कराए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता एवं शुचिता की पक्षधर है और किसी भी जांच से पीछे हटने वाली नहीं है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता संजीव मिश्रा एवं भरत मणि त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

## संतों-महंतो ने की पंचकोसी परिक्रमा

**मिश्रित-सीतापुर , 29 मई (तरुणमित्र)।** अधिक मास के पावन अवसर पर धर्म एवं आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है । भगवत आराधना आश्रम जानकी कुंड के महंत श्री श्री 108 गोविन्द दास जी महाराज के तत्वाधान में संचालित 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा अपने दस पड़ाव पूर्ण करते हुए सुक्रवार को कस्बा मिश्रित पहुंच गई। यात्रा के नगर आगमन पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने संत-महंतों का भव्य स्वागत किया ।महर्षि दधीचि की तपो भूमि माने जाने वाले मिश्रित क्षेत्र में पहुंचने के बाद सभी संत-महंतों द्वारा पंचकोसी परिक्रमा प्रारंभ की गई। धार्मिक जयघोष और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने संतों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।

# जिला कारागार में आयोजित हुआ बंदी समस्या समाधान दिवस

**संत कबीर नगर, 29 मई (तरुणमित्र)।** जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह के निर्देशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायिक अधिकारी सुनील कुमार सिंह के पहल पर शुक्रवार को जिला कारागार में बंदी समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न बंदियों के समस्याओं को सुनकर शीघ्र निराकरण हेतु आश्वासन दिया। इस दौरान चोरी के मुकदमे में निरुद्ध एक बंदी ने कहा कि वह जुर्म स्वीकार कर मामले को समाप्त कराना चाहता है। कोतवाली खलीलाबाद के मुखलिसपुर चौक निवासी मो.आसिफ ने कहा कि उसके खिलाफ चोरी के कई मुकदमें विचाराधीन है। वह जुर्म स्वीकार कर व मुकदमा समाप्त कर जेल से रिहा होना चाहता है। इसी थानाक्षेत्र के काशीराम आवास निवासी सूरज विश्वकर्मा ने कहा कि वह दुष्कर्म के मुकदमें में आरोपित है। उसके पास पैरवी करने वाला कोई नही है। उसने सरकारी अधिवक्ता से मामले की पैरवी कराए जाने की माँग की। इसी प्रकार महुली थानाक्षेत्र के निवासी सूर्यप्रकाश ने कहा कि वह भी आर्म्स एक्ट के मुकदमें में जुर्म स्वीकार करना चाहता है। बखिरा थानाक्षेत्र के बूंदीपार निवासी परमेश्वर ने कहा कि वह मारपीट करने के मामले में जिला कारागार में निरुद्ध है। उनके पास पैरवी करने के लिए कोई नही है। उन्होंने ने भी अपने मामले की पैरवी सरकारी अधिवक्ता से कराए जाने की बात कही। चोरी के एक अन्य मामले में निरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद के बगहिया निवासी सुधीर चौरसिया ने कहा कि उसकी चोरी के मामले में जमानत हो चुकी है,।

# 33 हजार केवी हाईटेंशन लाइन बड़ी अनहोनी को दे रही दावत

**तमकुहीराज/कुशीनगर, 29 मई (तरुणमित्र)।** अजय नगर बभनौली गांव में आज एक बड़ा बिजली हादसा होते-होते टल गया, जिसने एक बार फिर बिजली विभाग की लापरवाही और ग्रामीणों की जान पर मंडराते खतरे को उजागर कर दिया है। राजापाकड़ से सेवरही उपकेंद्र जाने वाली 33 हजार केवी हाईटेंशन लाइन का तार कई घरों के बेहद करीब से गुजर रहा है, जिसके कारण गांव में हमेशा एक बड़ा खतरा बना रहता है। आज शुक्रवार के दिन की घटना तब हुई जब एक व्यक्ति के घर के पास से गुजर रहे इस हाईटेंशन तार को पहले सूखे बांस के सहारे रेलिंग से दूर किया गया था। लेकिन बारिश के कारण बांस गीला हो गया और उसमें करंट उतर आया। यह करंट पूरे घर के बिजली कनेक्शन में फैल गया, जिससे घर में लगे लाइट, एलईडी, पंखे समेत कई बिजली उपकरण जल गए। गनीमत यह रही कि समय रहते लाइन ट्रिप कर गई, अन्यथा कोई बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था।स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को दो दिन पहले ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार राय ने उठाया था, लेकिन जिम्मेदार बिजली विभाग ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक गांव के सामने से गुजर रही 33 हजार केवी की इस लाइन को अंडरग्राउंड नहीं किया जाता, तब तक उनकी जान पर खतरा बना रहेगा।बारिश के बीच, वीरेंद्र पटेल, सुरेश, पप्पू कुमार और आजाद लाइनमैन ने मौके पर पहुंचकर गीले बांस को हटाकर स्थिति को संभाला।इस खतरनाक हाईटेंशन लाइन की जद में आने वाले घरों में प्रमोद यादव, लालमोहन यादव, निजामुद्दी अंसारी, रमेश गुप्ता, राजेश राय उर्फ चुना राय, नथुनी गुप्ता, उपेंद्र राय, गौरीशंकर राय, नरेन्द्र राय, प्रमोद उर्फ जितेंद्र राय, हरीशंकर उपाध्याय, सूरज गुप्ता, शंकर गुप्ता, चितरंज गुप्ता, पिंटू गुप्ता, रामजी गुप्ता, रमाकांत पटेल, महंथ ठाकुर, जगदीश यादव, पप्पू प्रसाद, बाबूलाल गुप्ता, विश्वनाथ प्रसाद, राधेश्याम प्रसाद, उगम गुप्ता, रामबिलास गोंड सहित कई अन्य लोगों के घर शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द स्थायी समाधान करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह

**सीतापुर , 29 मई (तरुणमित्र)।** किसान मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39 वीं पुण्यतिथि पर विकास खंड पहला के सरैया राजा साहब (ग्राम पंचायत सिकंदराबाद) में चौधरी साहब की प्रतिमा पर रालोद कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर चौधरी साहब को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए रालोद प्रदेश महासचिव आर पी सिंह चौहान ने कहा कि चौधरी साहब का जीवन उनका कृतित्व और व्यक्तित्व हम सबके लिए प्रेरणा देता है। चौधरी साहब का ग्रामीण उत्थान अभियान सच्चे अर्थों में भारत की प्रगति यात्रा में नींव का पत्थर है। चौधरी चरण सिंह के कारण ही राजनीति में किसान कामगार का भी स्थान बना उनकी आवाज को भी सुना गया।

# घर पर प्रसव होने पर सीधे जिम्मेदार होंगे एमओआईसी

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त



**सिद्धार्थनगर, 29 मई (तरुणमित्र)।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारीश्री बलराम सिंह की उपस्थिति में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिले में कोई भी प्रसव घर पर नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित एमओआईसी सीधे जिम्मेदार होंगे। आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने की कछुआ गति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत इलाज मिल रहा है, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। इसके लिए मेडिकल कॉलेज समेत सभी सीएचसी और पीएचसी पर वाल पेंटिंग (दीवार लेखन) कराई जाए। उन्होंने उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी को क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने और सभी आयुष्मान सेंटरों को समय से खोलने के निर्देश दिए।

काम न करने वाली आशा और डॉक्टरों को थमेगा नोटिससंस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि जो आशा बहुएं डिलीवरी नहीं करवा रही हैं, उन्हें चिह्नित कर तत्काल नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि ?शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का प्रसव अस्पतालों में ही सुनिश्चित कराया जाए। नवजात शिशु सुरक्षा इकाई को 24 घंटे सक्रिय रखें ताकि मरीज व उनके परिजन किसी भी समय सहायता ले सकें। इसके अलावा, बीएचएनडी दिवस में लापरवाही बरतने वाले या काम न करने वाले डॉक्टरों, सीएचओ, आशा और एएनएम को भी नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए हैं।

बाहर की दवाएं लिखने पर लगेगी रोक, टीबी मरीजों की होगी खोज मरीजों की सहूलियत पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत दी कि किसी भी मरीज को परेशान न किया जाए और अस्पताल से बाहर की दवाएं बिल्कुल न लिखी जाएं। उन्होंने सभी विकास खंडों में पब्लिक नोटिफिकेशन के जरिए लक्षण युक्त टीबी मरीजों को चिह्नित करने के निर्देश दिए।

**खेल अवसंरचना, जमीनी स्तर पर प्रतिभा विकास, युवा भागीदारी और केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने पर हुई चर्चा**

# रक्षा खडसे ने मेघालय सरकार के साथ खेल और युवा विकास पहलों की समीक्षा की

**शिलांग।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने शुक्रवार को मेघालय सरकार के साथ खेल और युवा विकास कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान राज्य के खेल पारिस्थितिकी तंत्र, युवा सहभागिता कार्यक्रमों, खेल अवसंरचना परियोजनाओं और खिलाड़ियों के विकास से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। खास तौर पर जमीनी स्तर पर खेलों में भागीदारी बढ़ाने और खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में राज्य सरकार ने खेल क्लबों, संघों और खिलाड़ियों के समर्थन के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य खेल छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्तमान में लगभग 900 खिलाड़ियों को सहायता दी जा रही है। बैठक में मुख्यमंत्री फुटबॉल मिशन के तहत मेघालय की जमीनी फुटबॉल योजनाओं पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल विकास मॉडल से प्रेरित इस पहल के तहत राज्य में 125 जमीनी केंद्र संचालित हो रहे हैं और करीब 10 हजार खिलाड़ियों को इससे लाभ मिल रहा है। इस योजना के जरिए मेघालय से कई अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी भी उभरे हैं। बैठक में राज्य की खेल अवसंरचना परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। मावखानू फुटबॉल स्टेडियम की प्रगति पर चर्चा हुई, जिसे क्षेत्र के सबसे बड़े फुटबॉल स्टेडियमों में से एक के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसे राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह के संभावित स्थल के रूप में भी देखा जा रहा है। इसके अलावा उमसावली स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और उमथम स्थित स्लैलम कोर्स परियोजना की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि उमथम का स्लैलम कोर्स देश की प्रमुख वाटर स्पोर्ट्स और स्लैलम प्रशिक्षण सुविधाओं में उभर रहा है। रक्षा खडसे ने जमीनी स्तर पर खेल ढांचे को मजबूत करने, युवाओं की



भागीदारी बढ़ाने और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में 'येस मेघालय' योजना की भी समीक्षा हुई, जिसके तहत युवा कार्यक्रम चलाने वाले क्लबों और संगठनों को सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही 'माई भारत' पोर्टल के माध्यम से युवाओं को स्वैच्छिक सेवाओं से जोड़ने और राष्ट्रीय खेलों जैसे बड़े आयोजनों में स्वयंसेवी अवसर उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। रक्षा खडसे ने खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों को मजबूत करने और राज्य की खेल अवसंरचना को खिलाड़ी विकास प्रणाली से जोड़ने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि उभरते खिलाड़ियों के लिए बेहतर मार्ग तैयार किए जा सकें। बैठक में मेघालय खेलों और दीर्घकालिक खिलाड़ी विकास योजनाओं पर भी चर्चा हुई। रक्षा खडसे ने कहा कि केंद्र सरकार मेघालय और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल अवसंरचना, खिलाड़ी सहायता प्रणाली और युवा विकास कार्यक्रमों को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि मेघालय में खेल प्रतिभाओं और युवा ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं तथा केंद्र, राज्य सरकार, खेल संस्थानों और सामुदायिक संगठनों के समन्वित प्रयास देश में मजबूत खेल संस्कृति विकसित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

बैठक में मेघालय के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री वेलाडमिकी शायला और राज्य सरकार के आयुक्त एवं सचिव डॉ. विजय कुमार डी मौजूद रहे।बैठक में मेघालय सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण, मेघालय राज्य ओलंपिक संघ तथा खेल और युवा विकास से जुड़े विभिन्न संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

मेघालय राज्य ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष जॉन एफ. खारशींग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईएमएच पासाह, संयुक्त सचिव पिनबियांग लालू और कोषाध्यक्ष कसान कुपार वारजरी सहित कई प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

# भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से जिमनास्ट प्रणति नायक की राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल 2026 की तैयारी को मिल रही मजबूती

**नई दिल्ली।** भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक की राष्ट्रमंडल खेल 2026 और एशियाई खेल 2026 की तैयारियों को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण और लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना से लगातार मजबूत सहयोग मिल रहा है। सरकार की ओर से उन्हें और भारतीय जिमनास्टिक टीम को अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर, विदेशी प्रशिक्षण, राष्ट्रीय कोचिंग शिविर और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी प्रणति नायक इस समय भुवनेश्वर स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर में 22 मई से 20 जून 2026 तक आयोजित सीनियर और जूनियर महिला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का हिस्सा हैं।

यह शिविर 25 से 28 जून 2026 तक चीन के जुनयी में होने वाली 13वीं सीनियर एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रणति इस प्रतियोगिता में भारतीय सीनियर महिला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक



टीम का हिस्सा होंगी।

भुवनेश्वर शिविर के लिए कुल 23.52 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिसमें सीनियर और जूनियर जिमनास्ट, कोच और सपोर्ट स्टाफ सहित कुल 21 सदस्य शामिल हैं। अगले महीने चीन में होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए सरकार ने भारतीय सीनियर और जूनियर महिला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक दल की भागीदारी हेतु 36.59 लाख रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है। इस दल में खिलाड़ी, कोच और सपोर्ट स्टाफ सहित कुल 17 सदस्य शामिल हैं।

प्रणति नायक को लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना के तहत व्यक्तिगत स्तर पर भी महत्वपूर्ण सहायता मिली है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 19 से 25 मई 2026 तक आयोजित एफआईजी आर्टिस्टिक जिमनास्टिक वर्ल्ड चैलेंज कप में भागीदारी के लिए प्रणति, उनके कोच अशोक कुमार मिश्रा और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. स्वेता अटिली के लिए 5.89 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई थी। इस प्रतियोगिता में प्रणति ने रजत पदक जीता।

ओलंपिक और एशियाई खेल चक्र को ध्यान में रखते हुए भारतीय जिमनास्टिक कार्यक्रम को मजबूत करने के उद्देश्य से लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना के तहत नवंबर 2025 से दिसंबर 2025 तक यूनाइटेड किंगडम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और फरवरी तथा अप्रैल 2026 में आयोजित दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए 75.65 लाख रुपये की सहायता भी मंजूर की गई थी। इस कार्यक्रम में प्रणति नायक सहित 16 सदस्यीय भारतीय जिमनास्टिक दल शामिल था। हालांकि चोट के कारण प्रणति इस शिविर का हिस्सा नहीं बन सकीं।

# युकी भांबरी मिश्रित युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, अनिरुद्ध चंद्रशेखर पुरुष युगल से बाहर



**पेरिस।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने अपनी रूसी जोड़ीदार अलेक्जेंड्रा पानोवा के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 के मिश्रित युगल प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वहीं, पुरुष युगल में अनिरुद्ध चंद्रशेखर और जापान के ताकेरू युजुकी की जोड़ी हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। युकी और अलेक्जेंड्रा ने गुरुवार देर रात खेले गए मैच में नीदरलैंड्स के डेविड पेल और यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक की जोड़ी को कड़े मुकाबले में 7-6(2), 7-6(5) से हराया। एक घंटा 50 मिनट तक चले इस मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने दबाव के क्षणों में शानदार संयम दिखाया। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में युकी और अलेक्जेंड्रा का सामना अमेरिका की डिजायरी क्रावचिक और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की की चौथी वरीय जोड़ी से होगा।

मुकाबले में युकी और अलेक्जेंड्रा ने दोनों टाईब्रेक में बेहतरीन खेल दिखाते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज की। पूरे मैच में दोनों टीमों के बीच केवल एक अंक का अंतर रहा। भारतीय-रूसी जोड़ी ने पांच ऐस लगाए और पहली सर्विस पर 70 प्रतिशत अंक जीते। दूसरी सर्विस पर भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 64 प्रतिशत अंक अपने नाम किए, जबकि विरोधी जोड़ी केवल 48 प्रतिशत अंक ही जीत सकी।

# भारत-कनाडा ने आर्थिक साझेदारी मजबूत करने को शुरू किया व्यापार एवं निवेश मंच

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा ने व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापार एवं निवेश मंच की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य दोनों देशों के व्यवसायों को एक साथ लाना है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की तीन दिवसीय (25-27 मई) आधिकारिक यात्रा के समापन के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को बताया गया है कि कनाडा के व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, ताकि दोनों देशों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और व्यवसायों के लिए कारोबारी अवसरों को बढ़ाने वाले मजबूत परिणाम प्राप्त किए जा सकें। मंत्रालय के अनुसार कनाडा-भारत व्यापार एवं निवेश मंच के तहत दोनों ही पक्षों ने एक महत्वाकांक्षी एवं परस्पर लाभकारी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और इस वर्ष के अंत तक वार्ता पूरी करने के साझा लक्ष्य की पुष्टि की। दोनों देशों ने भारत और कनाडा के बीच संपर्क बढ़ाने पर भी सहमति जताई है। इसमें लोगों के बीच संपर्क, व्यापारिक सुगमता और प्रत्यक्ष वाणिज्यिक संबंध शामिल हैं, जिन्हें व्यापार एवं निवेश के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कारक माना गया है। कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनींदर सिद्धू सिद्धू ने पुष्टि की कि कनाडा इस वर्ष के अंत में 'टीम कनाडा ट्रेड मिशन' का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजेगा। पीयूष गोयल के नेतृत्व में 150 से अधिक सदस्यों का व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल 25 से 27 मई के दौरान कनाडा गया था।

# रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.9 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का जताया अनुमान

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और बढ़ते हुए वैश्विक तनाव के बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद मजबूत बनी हुई है और मजबूत वृहद आर्थिक आधार चालू वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि को सहारा देंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक ऊंची ऊर्जा कीमतों, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं और वैश्विक बाजारों से आने वाली चुनौतियों के बावजूद कंपनियों एवं बैंकिंग क्षेत्र के मजबूत बही-खाते तथा सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर भारत की मजबूत वृद्धि गति के लिए अनुकूल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपनी मजबूत घरेलू बुनियादी ढांचे के दम पर भारत आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। आरबीआई रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 में भू-राजनीतिक जोखिम वैश्विक वृद्धि के लिए प्रमुख बाधा बनकर उभरा है।

फरवरी के अंत में पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने का असर वैश्विक वृद्धि और मुद्रास्फीति के अनुमानों में दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक मध्यम वैश्विक वृद्धि के परिदृश्य के बीच वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। हालांकि, पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष नकारात्मक जोखिम पैदा कर सकता है।